विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 58 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 29 नवंबर 2024 डाक 30 नवंबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
अर्जुन राम मेघवाल, किरेन रिजिजू और मंत्री एल. मुरुगन ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की



**देश-विदेश**
जोधपुर में ईडी की छापेमारी साइबर ठग के गिरोह के घर से लाखों की संपत्ति जब्त




**फीचर पेज**
शादी के लिए महिलाएं इस तरह से चुनें फुटवियर मिलेगा आरामदायक और स्टाइलिश लुक



## संभल की शाही जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट आज नहीं हुई पेश, अगली सुनवाई आठ जनवरी को होगी

**नईदिल्ली, 29 नवंबर [एजेंसी]।**



संभल संभल में शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करने के मामले में सिविल जज सीनियर डिविजन संभल स्थित चंदौसी की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख तय कर दी है। मौके पर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। न्यायालय की ओर आने वाले सभी रास्तों को बैरीकेडिंग कर सील कर दिया गया है। शाही जामा मस्जिद समिति के वकील शकील अहमद वसीम ने कहा कि मस्जिद की ओर से अदालत में दस्तावेजों की प्रतियां मांगी गई थीं, जो अब अदालत के आदेश के बाद प्राप्त होंगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब मस्जिद का कोई अन्य सर्वे नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 8 जनवरी को तय की है। इस दौरान सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने और दोनों पक्षों के तर्कों को सुना जाएगा। मामला संवेदनशील होने के कारण सभी पक्षों पर अदालत की कड़ी निगरानी है। संभल के शाही जामा मस्जिद मामले में चंदौसी कोर्ट में बृहस्पतिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान दोनों पक्षों के वकील अदालत में पेश हुए। कोर्ट में मस्जिद समिति के वकीलों ने दूसरे पक्ष से मामले से संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां उपलब्ध कराने की मांग की, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए कुछ और समय की मांग की। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट अभी तैयार नहीं हो पाई है और इसे पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता है। जामा मस्जिद समिति के वकील शकील अहमद वसीम ने बताया कि मस्जिद की ओर से अदालत में पेश होकर मामले से संबंधित दस्तावेज़ों की प्रतियां मांगी गईं, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। उन्होंने बताया कि सर्वे रिपोर्ट आज पेश नहीं की गई। सर्वे टीम ने रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है। अब मस्जिद का कोई अन्य सर्वे नहीं होगा।संभल में जामा मस्जिद केस मामले की चंदौसी कोर्ट में सुनवाई हुई। इस बीच दोनों पक्षों के वकील कोर्ट में पहुंचे। कोर्ट कमिश्नर ने रिपोर्ट पेश करने के लिए कुछ दिन का समय मांगा। इसके अलावा मस्जिद पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष ने कागजात उपलब्ध करवाने को कहा। कोर्ट ने अगली सुनवाई आठ जनवरी तय की है। मुरादाबाद रेंज के डीआईजी मुनिराज जी ने कहा, शुक्रवार की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से होगी और इसके लिए हमने सभी इंतजाम कर लिए हैं। तीन स्तरीय सुरक्षा योजना लागू की गई है।

## शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा पर फिर मंडराया खतरा, ईडी ने मारी छापेमारी



**नईदिल्ली, 29 नवंबर [एजेंसी]।**

शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एडल्ट से जुड़े मामले में राज कुंद्रा और उनके अन्य आवासों और दफ्तरों में छापेमारी की है।ईडी द्वारा केस दर्ज किए जाने के बाद अब आवासीय परिसरों और दफ्तरों की तलाशी ली जा रही है। कथित तौर पर यह छापेमारी मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अश्लील सामग्री के प्रोडक्शन और डिस्ट्रिब्यूशन से जुड़ी हुई है। आपको राज कुंद्रा को पहले जुलाई 2021 में मुंबई अपराध शाखा ने भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था। बाद में शहर की एक अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी।

## नहीं रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता



**बिलासपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता फिरोज कुरैशी का गुरुवार, 28 नवंबर की रात 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी व दो बेटे छोड़ गए हैं। शुक्रवार, 29 नवंबर को उनकी पार्थिव देह दोपहर 12 बजे रामा लाइफ सिटी स्थित उनके निवास से गोंड़पारा स्थित पैतृक निवास लाई जा रही है। दोपहर 2 बजे नमाज के बाद मरीमाई स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे-खाक किया जाएगा। स्व. विद्याचरण शुक्ल के करीबी सहयोगी रहे स्व. कुरैशी ने नगर निगम में एल्डरमैन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दीं। वे वर्तमान में सहकारी गृह निर्माण समिति के सदस्य थे और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। कांग्रेस कमेटी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि वे संगठन के एक मजबूत स्तंभ थे। पार्टी ने अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए अल्लाहताला से उनकी रूह को जन्नत अता करने की दुआ की है।

## मोगा-जालंधर हाईवे पर बस की बोलेरो से भीषण टक्कर, 50 यात्री घायल

**जालंधर 29 नवंबर।** पंजाब में मोगा-जालंधर हाईवे पर शुक्रवार को रोडवेज बस की बोलेरो से भीषण टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार लगभग 50 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए कस्बा धर्मकोट के ही सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में जुट गई है। मौके पर तैनात पुलिस कर्मचारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। गनीमत है कि किसी की मौत नहीं हुई है। मौके पर पहुंचे लोगों के मुताबिक, बस ड्राइवर फोन पर बात कर रहा था और संतुलन बिगड़ने से यह भयानक हादसा हुआ। सड़क पर एक कैंटर भी बस की चपेट में आ गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बस तेज रफ्तार के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई और इसमें कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

## संसद में चौथे दिन भी अदाणी मुद्दे पर हंगामा राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

**नईदिल्ली, 29 नवंबर [एजेंसी]।**



संसद के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन भी विपक्ष का हंगामा जारी है। कांग्रेस आज भी अदाणी मामले पर चर्चा की मांग कर रही है। इसके लिए सांसद मणिकम टैगोर ने लोकसभा में स्थगन नोटिस दायर किया है। कांग्रेस सांसद 25 नवंबर को शीतकालीन सत्र की शुरुआत से ही लोकसभा में अदाणी मामले पर चर्चा करने की मांग कर रहे हैं। विपक्ष के हंगामे के चलते दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है। लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे तक तो वहीं राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई है।

मणिकम टैगोर ने अपने प्रस्ताव में कहा कि मैं तत्काल महत्वपूर्ण अदाणी मामले पर चर्चा की मांग करता हूं। अदाणी ग्रुप पर भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और प्रतिभूति धोखाधड़ी के हालिया आरोपों पर चर्चा करने के लिए स्थगन प्रस्ताव पेश करने की अनुमति चाहता हूं। समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि सरकार अदानी, संभल और मणिपुर से जुड़े मुद्दों पर चर्चा से भाग रही है। जब सरकार नहीं चाहती कि संसद चले तो वह कैसे चल सकती है।

## भारत के आदित्य एल 1 ने तो कमाल ही कर दिया पूरी दुनिया को संकट से बचाएगा...रचा इतिहास



**नईदिल्ली, 29 नवंबर [एजेंसी]।**

भारत का पहला सूर्य मिशन आदित्य रु1 अंतरिक्ष में रहकर कमाल कर रहा है। अदित्य एल1 ने धरती पर ऐसा डेटा भेजा है जो कि भारत ही नहीं पूरी दुनिया को संकट से बचाने वाला है। सूर्य पर लगातार आग के तूफान उठते रहते हैं जो कि धरती के इन्फ्रास्ट्रक्चर और उपग्रहों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसरो के वैज्ञानिकों का कहना है कि आदित्य एल1 अब सौर तूफान से संभाविक खतरे की जानकारी पहले ही दे देगा। ऐसे में अगली बार जब भी सूर्य पर हो रही गतिविधियों की वजह से धरती के बुनियादी ढांचे पर कोई खतरा आएगा तो उसे दूर करने में बड़ी मदद मिलेगी। आदित्य एल1 पर सात उपकरण लगाए गए हैं जो कि लगातार डेटा कलेक्शन का काम कर रहे हैं और धरती पर भेज रहे हैं।

आदित्य एल 1 में विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ नाम का यंत्र लगाया गया है। यह कोरोनल मास इजेक्शन का सही समय बता देता है। सूर्य के बाहरी परत कोरोना से निकलने वाले आवेशित कणों की वजह से होने वाले विस्फोट को सौर तूफान कहते हैं। इसका अध्ययन सौर मिशन के मुख्य उद्देश्यों में शामिल है। सीएमई सूर्य की बाहरी परत से उठने वाले आग के बड़े-बड़े गोले होते हैं।

बीबीसी की एक रिपोर्ट में एक जानकार के हवाले से बताया गया कि ये आग के गोल आवेशित कणओं से मिलकर बनते हैं और इनका वजह एक ट्रिलियन किलोग्राम से भी ज्यादा हो सकता है। ये गोल 3 हजार किलोमीटर प्रति सेकेंड की गति से आगे बढ़ते हैं। सूर्य से उठने वाले आग के गोले की दिशा कुछ भी हो सकती है। यह पृथ्वी की तरफ भी आ सकता है, हालांकि इसकी संभावना कम ही रहती है।

## नाव पलटने से 20 लोगों की मौत

**याउंडे।** प्रत्यक्षदर्शियों और सुरक्षा सूत्रों के अनुसार कैमरून के सुदूर उत्तरी क्षेत्र में एक नाव के पलट जाने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि नाव गुरुवार को उस समय पलट गई, जब वह क्षेत्र के लोगोन-एट-चारी डिवीजन में दाराक द्वीप से यात्रियों को ले जा रही थी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है, क्योंकि बचावकर्मी और अधिक पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए औपचारिक जांच शुरू कर दी गई है। जांच चल रही है इसलिए अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। इस क्षेत्र में नाव दुर्घटनाएं आम हैं, जो अक्सर ओवरलोडिंग, गलत तरीके से संचालन और खराब मौसम के कारण होती हैं। कैमरून मध्य और पश्चिम अफ्रीका में स्थित एक देश है। जो गिनी की खाड़ी के किनारे बसा है।

## बीजेपी के घर पर ईडी की छापेमारी 7 कारों में सवार 15 अधिकारियों ने की जांच



**तमिलनाडू, 29 नवंबर [एजेंसी]।**

प्रवर्तन विभाग पुदुकोट्टई जिले में बीजेपी और ए आई एडी एम के पदाधिकारियों के घरों पर छापेमारी कर रहा है। छापेमारी बीजेपी के जिला कोषाध्यक्ष मुरुगानंदम और उनके भाई पलानीवेल के घर पर हो रही है। बताया जा रहा है कि यह निरीक्षण सरकारी भवनों में ठेका कार्य को लेकर किया जा रहा है। प्रवर्तन विभाग के 15 अधिकारी चेन्नई से 7 वाहनों में पुदुकोट्टई जिले पहुंचे और आज सुबह 7.30 बजे से वे पुदुकोट्टई में मुरुगनाथम के घर, मुरुकानंद के भाई और एआईएडीएमके कार्यकारी पलानिवेल के कडुकोट में घर और अलंगुडी में एक अन्य पलानिवेल के घर की तलाशी ले रहे हैं।

## सुरक्षाबलों ने दो आईईडी और विस्फोटक सामग्री बरामद की

**पुंछ, 29 नवंबर [एजेंसी]।**



सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में तलाशी अभियान के दौरान दो आईईडी और विस्फोटक सामग्री समेत संदिग्ध सामान बरामद किया। अधिकारियों के अनुसार मेंढर तहसील के छाजला पुल के नीचे एक संदिग्ध वस्तु देखे जाने की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र को तुरंत घेर लिया गया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को दो आईईडी, एक किलोग्राम से अधिक वजन का आरडीएक्स जैसा विस्फोटक पदार्थ, एक बैटरी, दो कंबल और कुछ खाने-पीने की चीजें मिली है। पूरे इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। वहीं पुंछ मेंढर मार्ग को बंद कर दिया गया है। सुरक्षा बलों ने इस बरामदगी को एक बड़ी सफलता करार देते हुए कहा कि यह आतंकियों द्वारा संभावित हमले की योजना का हिस्सा हो सकती है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां इस मामले में जुड़े लोगों की पहचान करने और उनके इरादों का पता लगाने के लिए गहन जांच कर रही हैं। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के डोडा और उधमपुर जिलों में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की कथित साजिश रच रहे दो आतंकवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से कथित तौर पर सीमा पार आतंकी आकाओं के संपर्क में था। उसके कब्जे से दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

## पटियाला हाउस कोर्ट ने बीकानेर हाउस को अटैच करने के आदेश पर लगाई रोक, राजस्थान सरकार को मिली बड़ी राहत

**नईदिल्ली, 29 नवंबर [एजेंसी]।**



पाटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस को अटैच करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगाई। कोर्ट ने नोखा नगर पालिका को कोर्ट में देय राशि एक हफ्ते में जमा करने का निर्देश दिया। राजस्थान सरकार ने बिकानेर हाउस को अटैच करने के आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी। बीकानेर हाउस को कुर्क करने के आदेश पर अगले साल 7 जनवरी तक अंतरिम रोक लगाई। फगलहाल ऐतिहासिक और प्रशासनिक रूप से महत्वपूर्ण बीकानेर हाउस राज्य सरकार के नियंत्रण में रहेगा, जिससे सरकारी कार्यों में कोई बाधा नहीं आएगी।

राजस्थान सरकार ने आज सुनवाई में कोर्ट को बताया कि नोखा नगर पालिका के पास बीकानेर हाउस का मलिका हक नहीं है और कोर्ट को गलत जानकारी दी गई थी। जबकि राजस्थान सरकार के पास बीकानेर हाउस का मालिकाना हक है।


डिलाईट क्लॉथ सेंटर
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
अब नये परिसर में नई साज-सज्जा के साथ
साड़ियों की विशाल रेंज
SUBHASH | Ambica | Cotton | SILK
Ladies Wear
सूट पीस । लहंगा । ड्रेस मटेरियल
कुर्ती सेट । वेस्टर्न वियर
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



TATA STEEL
TATA TISCON
समझदार बनें। बेहतर चुनें।



बी.आर. सेल्स
9009992855, 7049928855, 7987588210
सही सामान, सही दाम

# धान का जब मिलने लगा अच्छा दाम तो युवाओं को भी भाने लगा है खेती-किसानी का काम

## राजेन्द्र जैसे युवा की जागी खेती किसानी में रूचि, नये किसानों ने भी कराया है पंजीयन



कोरबा । तेज धूप व लू के थपेड़ों के बीच बारिश का इंतजार करते हुए घर में हल को दुरस्त करते हुए, कभी खाद-बीज के लिए पैसों का इंतजाम करते हुए ही नहीं बल्कि अपने बुजुर्ग पिता को खेतों में पसीना बहाते हुए, बारिश की परवाह न करते हुए, भीगते हुए हल चलाते, बीज डालते, रोपा लगाते, निंदाई करते, खाद डालते, सुबह से उठकर खेत की रखवाली करते, फसल पकने के बाद उसे कटाई करते हुए, कटे हुए धान को गठरी बनाकर कांवर में घर लाते फिर मिंजाई कर धान को अलग कर बोरे में डालकर बहुत ही जद्दोजेहद के साथ कुछ रूपए जोड़ लेने की चाहत में धान को बेचने के लिए ले जाते और धान बेचकर भी पर्याप्त पैसे का इंतजाम नहीं हो पाने पर भी खामोशी से अपने दुख-दर्द को छिपाकर अपने आपको खुश होना दिखाते, भीतर ही भीतर अगली बार बेहतर फसल होने और इस मेहनत के फसल का अच्छा मूल्य मिलने की उम्मीद संजोते हुए ताकि घर-परिवार की जरूरतों को पूरा कर सकें... कुछ ऐसे ही जीते-जागते हुए अपने बुजुर्ग पिता को अक्सर देखते आ रहे युवा किसान राजेन्द्र का मन तो नहीं था कि वह भी खेती किसानी को अपनाएं क्योंकि उन्हें लगता था कि इतनी मेहनत के बाद भी मेहनत का सही मूल्य नहीं मिल पाता, लेकिन सरकार द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्य, धान की बढ़ाई गई कीमत, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी जैसे फैसलों ने युवा किसान राजेन्द्र को भी खेती-किसानी से जोड़ दिया। इसी का परिणाम है कि इस बार उन्होंने भी अपनी पत्नी के नाम पर धान बेचने का पंजीयन कराया है। यूं तो कोरबा विकासखंड के अंतर्गत लेमरू-देवपहरी क्षेत्र में धान का फसल लेना आसान काम नहीं है। सबकुछ आसमान की बारिश पर निर्भर है। इसके बावजूद किसान सब कुछ बारिश पर छोड़कर उम्मीद के साथ फसल लेते हैं। देवपहरी पंचायत के अंतर्गत ग्राम ढ़ीडासरई के किसान जग सिंह लगभग चार एकड़ में फसल लेते आ रहे हैं। इस बार भी फसल लेकर मिंजाई में जुटे किसान जग सिंह राठिया जल्दी ही नजदीक के धान उपार्जन केंद्र लेमरू में बेचेंगे। उनका कहना है कि फसल लेना आसान नहीं है। बहुत मुश्किल से फसल उपजा लेने के बाद जब अच्छा दाम नहीं मिलता है तो बहुत दुख होता है। उन्होंने बताया कि पहले किसानों को बहुत दुख दर्द सहने पड़े। ऋण लेने से लेकर खाद बीज लेने में परेशानी तो आती ही थी, धान की कीमत भी कम थी। अभी तो 21 क्विंटल प्रति एकड़ हो गया है और 3100 रूपए क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है। बुजुर्ग किसान जग सिंह के 27 वर्षीय युवा बेटे राजेन्द्र का कहना है कि मेहनत का सही मूल्य नहीं मिलता है तो किसी भी काम को करने की इच्छा नहीं होती। खासकर आजकल के युवा खेती किसानी से इसलिए भी दूर होते गए। उनका कहना है कि हर किसी को नौकरी मिलना आसान नहीं है, इसलिए कुछ न कुछ काम करना जरूरी है ताकि परिवार ठीक से चल सके। उनका कहना है कि खेती किसानी के काम में चुनौती है, जब लाभ अच्छा होगा तो निश्चित ही आज के युवा इस ओर जुडेंगे। राजेंद्र ने बताया कि वह भी अब पत्नी सहित खेती से जुड़ गया है। इस बार सहकारी समिति में पत्नी का पंजीयन कराया है ताकि धान बेचकर पैसे का इंतजाम कर सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का जो निर्णय लिया है, उससे किसानों को बहुत राहत मिल रही है। प्रति एकड़ में 21 क्विंटल धान खरीदने और कीमतों में छूट के साथ कृषि उपकरण देने, खाद-बीज, ऋण में छूट देने से युवा खेती-किसानी से जुड़ते जायेंगे, जैसे कि मैं जुड गया हूं।गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा 3100 रूपए में 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर पर धान खरीदने से किसानों में उत्साह का माहौल है। किसान उमंग के साथ धान खरीदी केंद्र अपनी उपज के विक्रय के लिए पहुंच रहे हैं। इससे किसानों का मनोबल बढ़ा है एवं वे और अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित हुए हैं। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय के लिए 55 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है। इनमें 2,761 नए किसान शामिल हैं, जो कि पहली बार अपना धान विक्रय करेंगे।

## सियान सदन कोरबा में 54 वरिष्ठ नागरिकों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

### 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों से शिविर या चॉइस सेंटर में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने का किया गया आग्रह



कोरबा । शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले में विशेष शिविर लगाकर 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसी कड़ी मे आज नगर निगम के सहयोग से सियान सदन में शिविर आयोजित कर 54 वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिले के 70 वर्ष से अधिक सभी वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है इस हेतु सभी वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाने के लिए विभाग द्वारा कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत तथा सीएमएचओ डॉ. केशरी ने जिले के 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों से शिविर या चॉइस सेंटर में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने का आग्रह किया। स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील की गई है कि आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन कर वरिष्ठ नागरिकों का कार्ड बनाने में सहयोग प्रदान करें। शिविर लगाने हेतु अधिक जानकारी हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।उल्लेखनीय है कि सरकार की अनेक ऐसी योजनाए हैं जिनके जरिए बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाते हैं जिससे कार्डधारक सूचीबद्ध अस्पतालों में अपना 05 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। वही अब आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत 70 साल से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

## मितानिनों का किया गया सम्मान



कोरबा। चोढ़ारानी दाई मंदिर परिसर में मितानिन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर क्षेत्र की 25 मितानिनों को उनके सराहनीय कार्यों और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल भेंटकर जनपद पंचायत पाली सभापति मुकेश जायसवाल ने सम्मानित किया।

सभापति मुकेश जायसवाल ने कहा कि वह उनके सुख दु:ख में हमेशा साथ हैं और हमेशा मितानिन दीदीयों एवं जनता की सेवा में निरंतर लगे हैं और लगे रहेंगे।सभी मितानिन का उत्साह वर्धन किया और सेवा में समर्पित सभी मितानिन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मितानिन दीदीया 24 घंटे सातों दिन स्वास्थ्य सेवाएं देती है। यह स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण कड़ी होती है। मितानिन दीदीया प्रत्येक घर परिवार के स्वास्थ्य के बारे में गंभीरता पूर्वक सोचते हुए विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सफल बनाने में दिन - रात सहयोग करने वाली किसी भी समय अस्पताल जाने के लिए तत्पर मितानिन बहनों के हितों के बारे में सोचना हम सबका दायित्व है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पाली सभापति मुकेश जायसवाल, विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल हरदीबाजार महामंत्री डॉ.विजय राठौर, पूर्व महामंत्री शोभा सिंह जगत, प्रमोद चंद्रा, चंदर मरकाम, बुधवारू नेताम, हनुमान दास मानिकपुरी, दुर्गेश मरावी, विष्णु श्रीवास, द्वारिका यादव आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मितानिन जिलाअध्यक्ष प्रेमलता मानिकपुरी, मितानिन अनिता मरकाम, फूल बाई, चमेली ललिता, दूंजकूवर, अनिता ध्रुव का सम्मान किया।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

कोरबा । प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम के लिए हितग्राहियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना में सभी प्रकार के खाद्य सामग्री उदाहरण के तौर पर वनोपज पर आधारित निर्मित उत्पाद, चना-मुर्रा, भुजिया, पेठा, पापड़, आचार, बड़ी नमकीन, मिक्चर, बेकरी का निर्माण, राईस मिल, कोदो मिल, पोहा मिल, आटा चक्की, मसाला उद्योग इत्यादि को योजना के तहत् लाभ प्रदान किया जाएगा।

महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोरबा ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण एकल उद्यमी, एफपीओ, स्वसहायता समूह एवं सहकारिता को बैंक के माध्यम से क्रेडिट लिक्ड पूंजी सब्सिडी दिया जाना है, जिसके तहत् नवीन एवं मौजूदा दोनों उद्यमी को पात्र परियोजना लागत की 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिक्ड पूंजी सब्सिडी परंतु अधिकतम 10 लाख रूपए दिये जाने का प्रावधान है। हितग्राही का स्वयं का योगदान 10 प्रतिशत होगा और शेष राशि बैंक से ऋण दिया जाएगा। परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं उद्यमी का अंशदान होगा। उद्यमियों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी।योजनांतर्गत आवेदन करने के लिए उद्यमी की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। इसमें हितग्राही आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक के साथ वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

## डीएमएफ से होगी समानों की खरीदी

कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिले में खनिज न्यास संस्थान मद से लगातार विकास कार्य कराये जा रहे हैं। इसी कड़ी में कोरबा जिले के ट्रैफिक को नियंत्रण करने तथा दुर्घटनाओं में कमी हेतु कलेक्टर ने आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने हेतु कुल एक करोड़ अट्ठारह लाख 34 हजार 474 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। कलेक्टर ने 10 नग ब्रेथ एनालाईजर क्रय करने हेतु 06 लाख 49 हजार, 50 नग स्टापर जाली वाला (लोहे का 6ग5 फीट) हेतु बीस लाख 94 हजार पांच सौ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इसी तरह 40 नग रिफ्लेक्टर जैकेट क्रय करने हेतु 59 हजार, साइन बोर्ड हेतु चार लाख 63 हजार 386 रूपये और 10 नग व्हीकल इमोलाईजर (बड़ी वाहनों हेतु) हेतु दो लाख 36 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस कार्य के लिये पुलिस विभाग को कार्यान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षकों से मंगाए गए आवेदन

कोरबा । शा. पूर्व माध्यमिक एवं हाई / हायर सेकेण्डरी विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को 01 माह (30 दिवस) रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाना है, उक्त प्रशिक्षण के लिए जिले से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की आवश्यकता है जो जुडो, कराटे, ताईक्वांडों, किंक बॉक्सिग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष हो। अत: इच्छुक प्रशिक्षक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र एवं वांछित दस्तावेज के संलग्न कर 06.12.2024 तक कार्यालयीन दिवस में शाम 05:30 बजे तक जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कोरबा, जिला - कोरबा (छ.ग.) में जमा कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए 7771840513 से संपर्क किया जा सकता है।

## मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ देखी साबरमती रिपोर्ट फिल्म

कोरबा। वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने भाजपा के 900 से अधिक वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को चित्रा मल्टीप्लेक्स में गोधरा कांड पर आधारित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखी। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से अपने समर्थकों के लिए टिकट की व्यवस्था की थी। उन्होंने नागरिकों और राष्ट्रवादियों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक घटना की वास्तविकता को समझें और जानें।

मंत्री श्री देवांगन ने फिल्म को ऐतिहासिक सत्य के प्रतीक के रूप में बताते हुए कहा कि गोधरा कांड और कारसेवकों के नरसंहार जैसी घटनाओं को वर्षों तक दबाया गया और एकतरफा विमर्श से सत्य को छिपाने का प्रयास किया गया। मंत्री ने श्री देवांगन ने कहा, साबरमती की सच्चाई को सामने लाने का प्रयास बहुत अच्छा है। यह सच्चाई देश के सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से सच को झूठ और झूठ को सच में बदलने की कोशिश की। लेकिन सौभाग्य से सच हमेशा सामने आता है और अब यह सबके सामने आ चुका है।

उन्होंने कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह उन सच्ची घटनाओं को उजागर करती है जिन्हें आम जनता से दूर रखा गया।उन्होंने गुजरात दंगों के संदर्भ में कहा कि सरकार को अदालत से क्लीन चिट मिलने के बावजूद बार-बार राजनीतिक षड्यंत्रों का हिस्सा बनाया गया। उन्होंने नरेंद्र मोदी की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि वाइब्रेंट गुजरात की सफलता और भारत के विकसित होने की दिशा श्री मोदी के नेतृत्व का परिणाम है।मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि द साबरमती रिपोर्ट झूठे विमर्श और तथ्यों को दबाने के प्रयासों को समाप्त कर देती है। उन्होंने इसे पीड़ितों के साथ हुए अन्याय और सच्चाई को जानने के लिए हर जागरूक नागरिक के लिए जरूरी बताया। फिल्म को देखने के लिए भारी संख्या में समर्थक और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, अशोक चावलानी, नवीन पटेल, वॉर्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, नरेंद्र पाटनवार, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, बांकीमोंगर मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, दर्री मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, संजू देवी राजपूत, कौशल देवांगन, पार्षद धन श्री साहू, पार्षद लुकेश्वर चौहान, अजय राठौर, अनिल यादव, रामकुमार राठौर, वैभव शर्मा सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे

## केंद्रीय राज्य मंत्री वी. सोमन्ना का कोरबा प्रवास स्थगित

कोरबा । भारत सरकार नई दिल्ली से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री वी. सोमन्ना केंद्रीय राज्य मंत्री रेल्वे एवं जल शक्ति मंत्रालय का कोरबा प्रवास कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

## हीरक जयंती पर राष्ट्र की एकता और अखंडता का लिया संकल्प



दीपका//कोरबा। संयुक्त आयोजन समिति गेवरा दीपका के तत्वाधान में दीपका प्रगति नगर अंबेडकर पार्क स्मारक स्थल में कई सामाजिक संगठन समाज सेवक राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने शामिल होकर भारतीय संविधान दिवस की हीरक जयंती उत्साह पूर्वक मनाया गया साथी ही अंबेडकर पार्क स्मारक से प्रगति नगर, नगर पालिका कार्यालय, बेलटिकरी, सिरकी, दीपका के मेन मार्केट से होते हुए बाइक रैली निकाल गया दीपका नगरवासियों को भारतीय संविधान के कानूनों व हवा, पानी, पहाड़, जल जंगल जमीन सहित हर एक व्यक्ति के लिए कानून में सामान अधिकार का प्रावधान बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने बनाया गया का संदेश दिये ।

संयुक्त आयोजन समिति के अध्यक्ष लाल साय मिरी सचिव धरमलाल टंडन समिति के सदस्यों शामिल हुए सामाजिक संगठन के प्रमुख, समाज सेवक, राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों सहित उपस्थित सभी लोगों को भारतीय संविधान का पालन करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए संकल्प दिलाया गया उन्होंने संविधान के संबंध में प्रकाश भी डाला उन्होंने कहा कि प्रस्तावना संविधान का आत्मा है संविधान दिवस को उत्सव के रूप में मनाने निर्देश है भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया था संविधान को अपनाने के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान टैंग लाइन के तहत सालभर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है और सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी पारित किया गया कि आने वाले 6 दिसंबर को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि में याद करने का भी निर्णय लिया गया है । इस अवसर पर डॉ एस के मेश्राम, श्रीमती सुशीला डाहर, उमा गोपाल, जैनेंद्र कुर्रे, ललित महिलांगे, जानकी कुर्रे, संतोष निराला, सरजू रत्नाकर, देव सिंह कुर्रे, संजय, अमन डहरिया, सुरेश महिलांगे, दिल बाई टंडन, गणेश सिंह ऊईके, तेज प्रकाश भारद्वाज, ललिता देवी जटवार, शांति बंजारे, निलेश कुर्रे, भरत लाल टंडन, सहदेव प्रसाद जटवार सहित भारी संख्या में अनेक लोग उपस्थित रहे ।

## कोरबा की महिलाओं ने किया सीएम हाउस में प्रदर्शन

कोरबा। एक निजी चिटफंड कंपनी पर दोगुने से अधिक रुपये मिलने का लालच देकर कोरबा और जांजगीर-चांपा जिले की सैकड़ों महिलाओं को अपने जाल में फंसा लेने का आरोप हैं। बताया जा रहा हैं की इससे कथित पीड़ित महिलाएं मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर धरने पर बैठ गई। वे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी बात रखना चाह रही थी।जानकारी के अनुसार जिले में संचालित एक चिटफंड कंपनी ने दोगुने से अधिक लाभ का लालच देकर कोरबा और जांजगीर-चांपा जिले की महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर उन्हें निवेश करने के मजबूर कर दिया और ये महिलाएं उनकी जाल में आकर 30-40 हजार रूपए लोन लिया ले लिया।

उक्त कंपनी से न दोगुना लाभ मिला न मूलधन इसके बाद महिलाओं ने कोरबा पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार तो कर लिया है लेकिन लोन देने वाले निजी बैंकों के वसूली एजेंट और कर्मचारी उनके घरों में आकर महिलाओं को परेशान कर रहे है। इनसे त्रस्त सैकड़ो महिलाएं राजधानी पहुंची और मुख्यमंत्री निवास के सामने धरने पर जा बैठीं।

## ताइक्कांडो सिर्फ शरीर को नहीं, आत्मा को भी मजबूत बनाता है: डॉ संजय गुप्ता



कोरबा। आत्मरक्षा आपके सामाजिक कौशल को विकसित करने में मदद करती है। आत्मरक्षा कुछ हद तक मार्शल आर्ट के समान है। क्योंकि यह अपने बड़ों का सम्मान करने, सम्मान दिखाने और दूसरों के प्रति सहनशीलता का अनुशासन सिखाता है। इस प्रकार इन सामाजिक कौशलों को विकसित करके, आप अपने दृष्टिकोण के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण लाएंगे।आत्मरक्षा का उद्देश्यपूर्ण ढंग से व्यक्तियों के स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा करना है। यह किसी को खतरनाक स्थितियों से निपटने और संभावित शारीरिक हमलों से बचने में सक्षम बनाता है।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से,लड़के, लड़कियों को मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक और शारीरिक रूप से इतना मजबूत बनना सिखाया जाता है कि वे संकट के समय में खुद की रक्षा कर सकें।आत्मरक्षा का अर्थ है किसी ऐसे व्यक्ति से अपनी रक्षा के लिए बल का प्रयोग करना जो आप पर हमला कर रहा हो यह किसी हमले या हमले के आसन्न खतरे को पीछे हटाने के लिए बल के उपयोग को संदर्भित करता है जो स्वयं या दूसरों या कानूनी रूप से संरक्षित हित के खिलाफ निर्देशित होता है। अंतर्राष्ट्रीय कानून में आत्मरक्षा से तात्पर्य सशस्त्र हमले के जवाब में बल प्रयोग करने के लिए राज्य के अंतर्निहित अधिकार से है।

आत्मरक्षा सीखने के कई कारण हो सकते हैं। सबसे स्पष्ट कारण यह है कि यदि आप कभी भी तत्काल खतरे में हों तो आप खुद या अपने परिवार की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहते इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को भी सतत रूप से आत्मरक्षा के गुण विशेष प्रशिक्षक द्वारा प्रतिदिन सिखाए जाते हैं। यहां अध्यनरत विद्यार्थी समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं एवं अपनी कला का प्रदर्शन कर स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीत कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन करते रहे हैं।

20 सब जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स स्टेट कैडेट ताइक्कांडो चैंपियनशिप जो कि 23से 24 नवंबर 2024 को कोरबा सीपेट में आयोजित हुई थी ,जिसमें इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया और एक बार फिर साबित कर दिया कि *इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी* किसी भी क्षेत्र में अपनी प्रतिद्वंदियों को मात देने में माहिर हैं। इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के ताइक्कांडो प्रशिक्षक श्री लीलाराम यादव के कुशल दिशा निर्देशन में विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया एवं कई पदक जीते। *गौरतलब है कि विद्यालय की छात्रा ऋतु वर्मा ने 30 किलोग्राम वर्ग में अपने प्रतिद्वंद्वी को % दिन में भी तारे दिखाए,एवं सब जूनियरर बॉयज एंड गर्ल्स ताइक्कांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में नेशनल के लिए चयनित होते हुए अपनी काबिलियत पर मोहर लगाई एवं अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को धूल चटाई।*

20ह्न्द्ध छत्तीसगढ़ सब जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स ताइक्कांडो चैंपियनशिप जो कि कोरबा सीपेट में आयोजित हुआ था जिसमें इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। ऋतु वर्मा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया एवं नेशनल चैंपियनशिप हेतु अपनी जगह सुनिश्चित की। ऋतु वर्मा को नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने का सुनहरा मौका मिलेगा। साथ ही विद्यालय के ही विभिन्न ताइक्कांडो खिलाड़ीयों ने भी अपना उम्दा प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किया।हिमांगी राज को सिल्वर,जिज्ञासा को सिल्वर,युक्ति राणा को ब्रॉन्ज, आद्यासा को ब्रॉन्ज तथा मयंक चंद्रा को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुए।सभी प्रतिभागियों को अच्छी तरह से प्रशिक्षित करने में विद्यालय के ताइक्कांडो प्रशिक्षक श्री लीलाराम यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी एवं अपने प्रेरणादाई उद्बोधन में कहा कि* आत्मरक्षा आपको ऐसे उपकरण और कौशल प्रदान करती है जिनकी आपको किसी खतरनाक स्थिति का आत्मविश्वास से आकलन करने और प्रभावी ढंग से उससे निपटने के लिए आवश्यकता होती है। इससे अधिक सशक्त कुछ भी नहीं है। यह आपको आत्मविश्वास हासिल करने और अपने डर पर नियंत्रण करने में मदद करता है और आत्मविश्वास अपने आप में एक महाशक्ति की तरह है।आत्मरक्षा आपके ध्यान और एकाग्रता को बेहतर बनाती है। नतीजतन, यह आपको तनावपूर्ण स्थितियों में ध्यान केंद्रित करना सिखाती है।यह आपको हमले के दौरान खुद का बचाव करने के लिए बुनियादी चालें और अधिक जटिल कौशल सीखने की क्षमता देता है।

## स्पेशल ट्रेन से 02 दिसंबर को बिलासपुर से रवाना होंगे श्री रामलला दर्शनार्थी

कोरबा । छ.ग. शासन की महत्वकांक्षी योजना श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना (सातवां चरण) के तहत बिलासपुर संभाग के जिलों के 850 यात्रियों हेतु स्पेशल ट्रेन दिनांक 02/12/2024 को दोपहर 12.00 बजे बिलासपुर स्टेशन से रवाना होगी। इस संबंध में श्री दीपक मार्को सहायक ग्रेड-3 मोबाइल नंबर 9981288938, पुष्पेंद्र कुमार देवांगन मोबाइल नंबर 7879814576 तथा सुश्री जूली तिर्की 8817170341 से अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# बीच शहर में धान से भरे ट्रक ने शिक्षक को कुचला

जांजगीर चांपा। जिला मुख्यालय बीच शहर में गुरुवार की शाम 7.30 बजे फिर बड़ा सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित ट्रक ने बाइक चालक एक शिक्षक को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। शव सड़क पर ही क्षत-विक्षत हो गए। पुलिस ने झाड़ू लगाकर शरीर के अंग को एकत्रित किया। घटना के बाद ट्रक को लेकर चालक फरार हो गया। अभी बाइक चालक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

पुलिस के अनुसार जिला मुख्यालय में नेताजी चौक के पास रात 7.30 बजे सब कुछ सामान्य था। लोग आवागमन कर रहे थे। इसी दौरान कचहरी चौक से तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार नवागढ़ ब्लाक मुख्यालय में पदस्थ मिस्दा निवासी शिक्षक लक्ष्मी कश्यप पिता चंदूलाल को टक्कर मार दी। इसके बाद शरीर के बीचों-बीच कुचलते हुए निकल गया। इससे घटनास्थल पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो ट्रक व बाइक एक साइड से चल रहे थे। इसी दौरान अचानक अनियंत्रित ट्रक ने पहले बाइक चालक को टक्कर मार दी। अगर ट्रक चालक रूक जाता तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता। आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। थाना प्रभारी सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि घटना कैसी हुई, जानकारी नहीं है। कागजात के माध्यम से पहचान करने की कोशिश की जा रही थी। बाद में पता चला कि मृतक नवागढ़ ब्लाक मुख्यालय में कंप्यूटर आपरेटर का काम करता था। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। साथ ही पीएम के जिला अस्पताल भेज दिया गया है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी पतासाजी की जा रही है।

बताया जा रहा है कि बाइक चालक शिक्षक लक्ष्मी कश्यप हेलमेट भी पहना हुआ था। लेकिन ट्रक के जबरदस्त टक्कर से युवक जमीन पर गिर गया, वहीं हेलमेट 100 मीटर दूर जा गिरा। सिर चकनाचूर हो गया। माने इससे स्पष्ट है कि सही समय में हेलमेट भी कोई काम नहीं आता है। इसलिए धीरे-धीरे चलें और सावधान होकर वाहन चलाएं।

## जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने किया विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा



**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने बुधवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर वहां चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जनपद पंचायत पामगढ़ की ग्राम पंचायत भैंसों, चंडीपारा, कोनारगढ़, मुलमुला दौरा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण एवं निर्माणाधीन आवासों की प्रगति की समीक्षा की और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

श्री रावटे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य गरीब और बेघर परिवारों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराना है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्माण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने आवास हितग्राहियों से कहा कि किश्त आने के बाद आवास निर्माण का कार्य अविलंब शुरू करने कहा। इसके अलावा, उन्होंने ग्राम पंचायतों में स्वच्छता, जलापूर्ति, और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। अधिकारियों और कर्मचारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने की सलाह दी। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ मणिशंकर कौशिक सहित जनपद पंचायत अधिकारी उपस्थित थे।

# आत्मा को तीर्थ क्षेत्रों के साथ स्पर्श कराती है रामचरित मानस



**शिवरीनारायण।** प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान की कथा परम पवित्र है। गंगा जी तीनों लोक को पवित्र करती है लेकिन जब यही गंगा संयोग से हरिद्वार, काशी या प्रयागराज को स्पर्श करती है तब इसकी महत्ता और अधिक बढ़ जाती है, वैसे ही भगवान की कथा अपने आप में परम पवित्र तो है लेकिन शिवरीनारायण जैसे तीर्थ स्थान को प्राप्त कर उसकी महत्ता और भी अनंत गुनी बढ़ जाती है। यहां कथा कहने और सुनने का आनंद ही कुछ और है। उन्होंने कहा कि किसी भी जीव में इतनी पात्रता नहीं है कि वह अपने प्रयत्न से मानव शरीर को प्राप्त कर सके। यह भगवान की करुणा का प्रतिफल है कि हमें मनुष्य का तन प्राप्त हुआ है। मानव जीवन प्राप्त करने का परम लाभ यह है कि हम इस शरीर से ईश्वर को प्राप्त कर लें! अन्यथा मानव का जीवन प्राप्त करना व्यर्थ ही चला जाएगा। ईश्वर को प्राप्त करने के अनेक साधन है लेकिन भक्ति से बढ़कर कोई सरल साधन नहीं है। यहां भक्ति की अविरल धारा अपने आप प्रवाहित हो रही है। श्री रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास महाराज ने लिखा है कि प्रथम भगति संतन कर संगा, दूसर रति मम् कथा प्रसंगा।। यह दोनों ही बहुत आसानी से इस स्थान पर आप सभी को सुलभ हो गया है। संसार की औषधि को खाना पड़ता है, पीना पड़ता है या इंजेक्शन के रूप में लगाना पड़ता है लेकिन रामचरितमानस भव रोग की एकमात्र ऐसी औषधि है जिसे सुनने मात्र से सभी रोग समाप्त हो जाते हैं। शिवरीनारायण मठ में संगीतमय श्री राम कथा के शुभारंभ के अवसर पर ही लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रथम सत्र की समाप्ति के पश्चात राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने सभी श्रद्धालु भक्तों से भगवान जगन्नाथ जी का प्रसाद ग्रहण करने अपील की। कथा का समय प्रत्येक दिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तथा अपराह्न 3 से शाम 6 बजे निर्धारित है।

## ज्ञानोदय के छात्र - छात्राओं ने वनभोज का आनंद उठाया



**जांजगीर नैला।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के कक्षा -नर्सरी से दूसरी तक के छात्र - छात्राओं ने वनभोज का आनंद उठाया। वनभोज का आयोजन विद्यालय के नन्हे - मुन्ने बच्चो के लिए फन और मस्ती से भरा दिन था ।नर्सरी, के जी -वन, के जी - टू तथा पहली एवं दूसरी कक्षा के बच्चो को शहर के स्थानीय एवं आकर्षक बी. डी. महंत बालोद्यान मे वनभोज पर ले जाया गया । वनभोज कार्यक्रम में बच्चो का कौतुहल और उत्साह देखने के लायक था। विद्यालयीन नन्हे -मुन्ने छात्र - छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से वनभोज के आयोजन का प्रथम अवसर था और सभी ने जमकर वनभोज का आनंद उठाया । उद्यान मे लगे विभिन्न झूलों जैसे - मेरी गो राउंड ,डिस्क गोल्फ, सी-सा,स्लाइडिंग स्विंग,स्विंग ,मंकी बार का जमकर आनंद लिया। तत्पश्चात हरी घास के लॉन पर फिजिकल गेम में दौड़, रेल गाड़ी खेल , कितने भाई कितने आदि खेलो को सबने खूब मस्ती के साथ खेला। फन और मस्ती के बाद बच्चो ने अनुशासित रूप से मिलजुलकर वनभोज का लुत्फ उठाया । इस आयोजन पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश यादव ने कहा कि वनभोज मनोरंजन के साथ- साथ बच्चो को स्वावलंबन बनने और आसपास के माहौल के साथ सामंजस्य बिठाने मे कारगर होता है। इस तरह की गतिविधियां छात्र - छात्राओं के शारीरिक और मानसिक विकास में मददगार होती है। वनभोज में विद्यालय के शिक्षक- शिक्षकाएं प्रतिभा यादव, शकुन्तला बरेठ, सपना श्रीवास, ज्योतिरादित्य सिंह, प्रशांत एवं दीपक उपस्थित थे।



## बीडीएम उद्यान में वरिष्ठजनों को मिला 'सियान सदन'

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा निर्देशन में जिला मुख्यालय जांजगीर स्थित बिसाहू दास महंत उद्यान में वरिष्ठ नागरिकों के लिए बापू की कुटिया 'सियान सदन' की शुभारंभ किया गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य सहित वरिष्ठजन उपस्थित थे। यहाँ बुजुर्गों के लिए योग, मनोरंजन और सामूहिक गतिविधियों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सके। कलेक्टर श्री छिकारा ने इस अवसर पर वरिष्ठजनों से संवाद कर 'सियान सदन' के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को एक सुरक्षित और सामुदायिक माहौल प्रदान करना है, जहां वे अपनी शारीरिक और मानसिक सेहत को बनाए रख सकें। इस दौरान वरिष्ठजन नागरिकों ने अपने मनोरंजन संबंधी सुझाव और माँग रखे जिसे कलेक्टर ने जल्द पूर्ण करने का आसवासन दिया। सियान सदन' में बुजुर्गों के लिए नियमित योग कक्षाएं, खेलकूद, और मनोरंजक गतिविधियों के साथ सामूहिक बैठकों का आयोजन किया जाएगा। यहाँ कैरम, शतरंज जैसे कई मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध है।

# श्याम बाबा कीर्तन 4 को, चांपा में भव्य आयोजन को लेकर चल रही तैयारी



**चांपा।** चाम्पा के श्याम प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है। 4 दिसंबर 2024 को कुश वाटिका श्याम मंदिर के पास में श्याम बाबा के भव्य कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से सनातनी भक्तों और श्याम प्रेमियों के लिए समर्पित है। आयोजन में श्याम बाबा का भव्य और आकर्षक दरबार सजाया जाएगा। भक्तों के बीच कीर्तन का वातावरण बनाने के लिए प्रसिद्ध भजन गायकों को आमंत्रित किया गया है। संजय मित्तल कोलकाता, रेशमी शर्मा समस्तीपुर, बिहार, सुरेश राजस्थानी रायपुर, पंकज अग्रवाल चाम्पा, ये सभी कलाकार अपने भजनों से श्याम बाबा को रिझाएंगे और भक्तों को भक्ति रस में डुबो देंगे।

कार्यक्रम के बाद छप्पन भोग और भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है। सभी भक्त श्याम बाबा के आशीर्वाद के साथ प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। कार्यक्रम 4 दिसंबर 2024 को शाम 6.15 बजे से स्थान कुश वाटिका श्याम मंदिर के पास आयोजित की जाएगी।

## नपा में दो साल से धूल फांक रही पार्षद निधि से वाटर कूलर लगाने की फाइल

**चांपा ।** शहर में संचालित आत्मानंद स्कूल में पार्षद निधि से वाटर कूलर लगाने का आवेदन एक पार्षद ने दो साल पहले नगरपालिका सीएमओ के नाम दिया था, लेकिन नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारी धन्य है, दो साल में भी पार्षद यानी जनता के प्रतिनिधि की फाइल आगे बढ़ाने में दो साल का समय भी कम लग रहा है। फिर आम जनता की समस्याओं का क्या हाल होता होगा समझा जा सकता है। चांपा नगरपालिका के वार्ड नंबर 1 की पार्षद अंजली देवांगन ने 17 नवंबर 2022 को नगरपालिका सीएमओ के नाम एक आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसमें उन्होंने शहर में संचालित आत्मानंद स्कूल में स्टाफ और वहां के छात्रों के लिए अपने निधि से वाटर कूलर लगाने की मांग की थी। लेकिन यह फाइल नगरपालिका में धूल फांक रही है। दो साल बाद भी आत्मानंद स्कूल में पार्षद निधि से वाटर कूलर नहीं लगा है।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ सहायिकाओं का सम्मान किया

**पामगढ़।** पामगढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनगांव में मितानिन व आगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका सम्मान समारोह का आयोजन किया।

इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित मितानिन और आगनबाड़ी कार्यकर्ता ओं-सहायिका ओं को सरपंच समृद्धि भूपेंद्र सिंह ने साड़ी और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक माखन आर्ले, उपसरपंच रेशम खुंटे, रमेश यादव, शिराती बघेल, लालू यादव, हुलास साहु, प्रशिक्षक प्रगति कांत सहित जिसमें समस्त मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायक जिसमें ममता बघेल, गीता बंजारे, छाया लहरे, सहायिका सकुन बाई राधिका, उपस्थित थे।

# कृष्णा फायनेंस पर कई लोगों को आर्थिक चपत लगाने का आरोप

जांजगीर-चांपा। चांपा ओम सिटी में संचालित फ्लोरा मैक्स ने हजारों लोगों को चूना लगा दिया। ऐसी ही फर्जी कंपनी सक्रिय है। जो लोगों को अपने जाल में फंसा रही है। ओम सिटी में ही एक कृष्णा फायनेंस के नाम से कार्यालय संचालित है। जो पुलिस की नजर में संदिग्ध है। चांपा पुलिस ने कृष्णा फायनेंस चांपा को लगभग 12 बिंदुओं पर आधरित नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

इस कार्यालय से लोन दिलाने का दावा किया जाता है। यह फायनेंस कंपनी के आरबीआई से कन्सर्ट होने के संबंध में भी कोई प्रमाण कार्यालय में नहीं है। कार्यालय में बैठे डायरेक्टर कृष्ण कुमार बरेठ ने पुलिस को बताया कि वह सिर्फ फायनेंस कंपनी के जरिए लोन दिलाने का मध्यस्थता करता है। ऐसी स्थिति में कृष्णा फायनेंस का कार्यकाल खोलकर लोगों को लोन दिलाने का झांसा देना उचित नहीं है। इस संबंध में चांपा पुलिस ने कृष्णा फायनेंस को 12 बिंदुओं में नोटिस भेजकर पूछा है आखिर किस आधार पर कृष्णा फायनेंस का कार्यकाल संचालित किया जा रहा है। फायनेंस कंपनी में उसकी नियुक्ति और फायनेंस कंपनी का आरबीआई से कन्सर्ट होने सहित अन्य बिंदुओं पर

आज के दौर में ऑनलाइन और ऑफ लाइन तरीके से लोग दूसरे को ठगने के लिए सक्रिय है। हाल ही में इसी ओम सिटी में संचालित फ्लोरा मैक्स कंपनी ने हजारों लोगों को चूना लगाकर 100 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी कर दी। इसके झांसे में आए लोग अपनी खून पसीने की कमाई वापस पाने के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहे है। लोगों को ठगने का सिलसिला जारी है। अभी कृष्णा फायनेंस की संदिग्धता पर पुलिस ने सवाल उठाया है। इसलिए लोगों में सावधानी जरूरी है। ओम सिटी में संचालित कृष्णा फायनेंस के खुद को डायरेक्ट बताने वाले कृष्ण कुमार बरेठ को 12 बिंदुओं मेंनोटिस भेजकर जानकारी मांगी है। जानकारी मिलने के बाद मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. नरेश पटेल, थाना प्रभारी चांपा

## सीएमओ ने वार्डों का जायजा लिया खुले में कचरा न फैलाने की अपील



**बलौदा।** नगर की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था के निरीक्षण मुख्य नगरपालिका अधिकारी आरसी तिवारी ने विभिन्न वार्डों में जाकर किया।

इस दौरान नागरिकों को नालियों और सड़कों में कचरा नहीं फैलाने, निर्माण विध्वंस मलबे को सड़कों, तालाबों में नहीं फेंकने, घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा स्वच्छता दीदियों को कचरा गाड़ी में ही देने की अपील की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरसी तिवारी नेरा बिलासपुर कोरबा रोड में दो दुकानदारों से सी एंड डी वेस्ट के तहत जुर्माना रसीद काटा और नगर में घरों के वेस्ट मटेरियल बाहर रोड पर न फैलाने के लिए मुनादी कराई गई।

## 4 घंटे भी नहीं चली 7 लाख की सड़क डामर के बजाए नजर आ रही गिट्टी

**चांपा।** शहर के थाना चौक से डामरीकरण का काम बुधवार की



दोपहर शुरू कराया गया था जो 24 घंटे भी नहीं चला। सड़क पर डामर के बजाय गिट्टी ही नजर आ रहा है। नगर पालिका के इंजीनियर विभिन्न निर्माण कार्यों में लापरवाही पर रखते हैं। जिसके चलते शहर के लोगों को विकास कार्य का लाभ नहीं मिल पा रहा है। चांपा के थाना चौक से पोस्ट ऑफिस तक 7 लाख की लागत से डामरीकरण का कार्य बुधवार की दोपहर प्रारंभ कराया गया था। लेकिन 24 घंटे बाद सड़क पर डामर के बजाय गिट्टी नजर आ रहा है। इस कार्य के संबंध में हाल ही में मीडिया में खबर भी आई थी। जिस पर सीएमओ ने कार्य निरस्त होने का हवाला दिया था लेकिन बुधवार की दोपहर आनन फानन में डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया।

पहले ही इस मार्ग में कई जगह गड्ढे थे। डामरीकरण के बाद लोगों में इन गड्ढे से राहत मिलने की उम्मीद जगी थी लेकिन यह डामरीकरण के बाद लोगों की समस्या और बढ़ गई है। इंजीनियर देवेंद्र कैवर्त्य ने डामरीकरण का कार्य पूर्ण होने की बात कही तो वही सीएमओ भोला सिंह ठाकुर ने भी डामरीकरण के बाद ऊपर में रेत डालने का हवाला दिया। जैसे ही मीडिया प्रतिनिधि नगर पालिका कार्यालय से बाहर आए उसके थोड़े ही देर बाद काम बचे होने और एक फाइनल डामरीकरण लेयर होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा काम पूरा होने के सम्बंध में जानकारी नही थी इसलिए अधूरी जानकारी ही दी गई थी। इससे समझा जा सकता है नपा के जिम्मेदार यहां अपने कर्तव्यों का निर्वहन कितनी जिम्मेदारी से कर रहे है।

**जनता के पैसों की हो रही खुलेआम बर्बादी**

चांपा शहर में करोड़ों की लागत से विकास कार्य कराने का दावा किया जाता है। लेकिन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तार-तार हो रही है। थाना चौक से प्रारंभ हुए डामरीकरण का कार्य भी गैर जिम्मेदार तरीके से पूर्ण कर लिया था। लेकिन इस मामले में मीडिया की दखल के बाद फिर से इस कार्य में डामरीकरण की लेयर लगाने की बात सामने आ रही है।

## किसानों को दिया अतिरिक्त समय, 2 तक होगा रजिस्ट्रेशन

**जांजगीर।** खरीफ वर्ष 2024-25 में किसानों को धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है। किसान तहसील कार्यालय में पहुंचकर 3 दिसंबर तक पंजीयन करवा सकते हैं। एकीकृत किसान पोर्टल में किसानों को पंजीयन होगा। पोर्टल के नवीन पंजीयन और पंजीकृत फसल/ रकबे में संशोधन करवाने के लिए किसानों को 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक का समय दिया गया था।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं गोरेलाल बघेल (GORELAL BAGHEL) उम्र 31 वर्ष, पिता स्व. रामलाल बघेल (Lt. RAMLAL BAGHEL) निवासी म.नं. 147/2 बजरंग चौक के पास खरमोरा कोरबा तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) का हूँ, जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ

मैं उक्त पते पर निवासरत् हूँ तथा मेरा आधार क्रमांक 2105 2348 7308 है। मेरी पुत्री के नाम पर नगर पालिक निगम कोरबा छ.ग. द्वारा जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है, जिसका आवेदन संदर्भ क्र. 2301011602005958 एवं जारी दिनांक 25/07/2016 है, जिसमें उसका नाम कु. अर्पिता बघेल (KU. ARPITA BAGHEL) दर्ज है। मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम अर्पिता बघेल (ARPITA BAGHEL) है। मैं मेरी पुत्री के नाम पर जारी उक्त जन्म प्रमाण पत्र में उसका वास्तविक एवं सही नाम अर्पिता बघेल (ARPITA BAGHEL) दर्ज कराकर पुनः जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता हूँ। इस संबंध में किसी प्रकार की दावा आपत्ति होने पर जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी। यह शपथ-पत्र मेरे द्वारा उक्ताशय के समर्थन में निष्पादित की गई है, जिसे संबंधित कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
गोरेलाल बघेल


## शिविर में बांटी जंग लगी ट्राइसाइकिल, टायर भी पंचर

**जांजगीर।** 28 नवंबर को ग्राम सरहर में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में अव्यवस्था नजर आई। आयोजन स्थल में अधिकांश कुर्सियां खाली थी। इसके अलावा शिविर में कई विभाग के अधिकारी भी नदारद दिखे। शिविर में बांटी गई सामग्रियां भी गुणवत्ताहीन दिखी। शिविर में 3 पात्र हितग्राहियों को ट्राइसाइकिल बांटी गई है। दोपहर 1 बजे जनपद पंचायत बम्हनीडीह से एक ऑटो में लोड कर 3 ट्राइ साइकिल सरहर शिविर स्थल तक लाई गई, जिसके अधिकांश पहियों में हवा नहीं थी व कुछ पंचर भी थे।




### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

कोरबा जोन

फा.क्र./200 / निर्माण (कोरबा जोन)/2024/ — कोरबा, दिनांक 26.11.2024

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि -17.12.2024 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि -17.12.2024 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 11 अंतर्गत लक्ष्मणबन तालाब मोहल्ला, गुप्ता गली, मुरारका गली में नाली मरम्मत तथा प्रीकास्ट स्लैब बिछाने का कर्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) | 3,95,500/- | 4,000/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट website :www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//


## ढेढीपारी देशहा श्रीवास समाज की नवीन कार्यकारिणी गठित

**पामगढ़।** समुदायिक भवन में बैठक कर ढेढीपारी देशहा श्रीवास समाज के लिए नवीन पदाधिकारियों का चयन कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश श्रीवास महंत, सचिव महेंद्र श्रीवास पामगढ़, कोषाध्यक्ष विरेन्द श्रीवास भैंसों, उपाध्यक्ष सोविंद श्रीवास पामगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि प्यारेलाल सेन बलौदा बाजार एवं पहलवान सेन बलौदा बाजार और विशिष्ट अतिथि शत्रुघ्न श्रीवास महासचिव, दगोरी परिक्षेत्र, मरवाही परिक्षेत्र, अकलतरा परिक्षेत्र एवं चिल्हाटी नवीन पदाधिकारियों का मार्गदर्शन कर पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। प्यारेलाल सेन के द्वारा पूर्व अध्यक्ष मोहन श्रीवास एवं सचिव लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास को स्मृति चिन्ह दे करके सम्मानित किया गया। प्रांत महासचिव ने संगठन को मजबूत कर उपस्थित सामाजिक बंधुओं को एकजुटता के रूप में बांधने का प्रयास किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने समाज को शिक्षित एवं नई दिशा की ओर जाने के लिए प्रेरित किया इस कार्यक्रम में पामगढ क्षेत्र के समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं सदस्य उपस्थित थे ।

# हटरी बाजार चांपा में समस्याओं का अंबार

**चांपा।** शहर का एकमात्र व्यस्थित हटरी बाजार को भी सहेज पाने में नगरपालिका सीएमओ नाकाम है। यहां पार्किंग, साफ-सफाई बेजाकब्जा सहित समस्याओं का अंबार है। इसके समाधान के लिए लोगों ने कई बार नगरपालिका में आवेदन दिया है, लेकिन उनकी समस्या को सीएमओ काफी हल्के में लेते हुए ध्यान नहीं दे रहे हैं। मसलन, लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है। चांपा शहर का एकमात्र हटरी बाजार अव्यवस्था का शिकार है।



इस हटरी बाजार में हरी सब्जी, किराना, सौंदर्य प्रसाधन, कपड़े, बर्तन सहित जरूरत के सभी सामानों की दुकान है। लेकिन यह काफी अव्यवस्थित है। नगरपालिका ने यहां कुछ चबूतरा का निर्माण कराया है, लेकिन उन चबूतरों में चंद गिने-चुने स्थानीय लोगों का कब्जा है। अन्य लोग सड़क पर फैलाकर दुकान लगाने मजबूर हैं। यहां नाली और बाजार की भी नियमित सफाई नहीं होती। इस बाजार से शहर की आधी आबादी की हरी सब्जी सहित विभिन्न समानों की आपूर्ति होती है, लेकिन नगरपालिका सीएमओ की लापरवाही से यहां समस्याओं का अंबार है। सुलभ शौचालय सहित बाजार की नियमित सफाई के लिए वार्ड पार्षद गोविंद देवांगन ने लगातार नगरपालिका सीएमओ से पत्राचार किया, लेकिन उनकी बातों को अनसुना कर दिया गया। जब इस समस्या की खबर मीडिया में आई, तब आनन-फानन में सुलभ शौचालय की सफाई कराकर इतिश्री कर ली गई। जबकि यहां समस्याओं का सम्राज्य है। हटरी बाजार छोटा होने के कारण शहर के बेरियर चौक व परशुराम चौक के पास फुटपाथ पर सब्जी भाजी का बाजार लगता है। जिससे आवागमन प्रभावित होता है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए कांग्रेस के शासनकाल में गौरव पथ मार्ग किनारे लाखों रुपए की लागत से चबूतरा बनाया गया है।

## अनमोल वचन......

**विश्वास वो ताकत है, जो उजड़ी हुई जिंदगी में भी रोशनी भर देती है!**

# भारत-बांग्लादेश रिश्तों में एक और पेच पडऩे का अंदेशा

*मोहम्मद युनूस ने शेख हसीना को प्रत्यर्पित कराने का इरादा जताया है। बांग्लादेश में शेख़ हसीना के हटने के बाद से युनूस की अंतरिम सरकार ने पहले भी कई ऐसे कदम उठाए हैं, जिन्हें भारत के हित में नहीं माना जा सकता। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार (जिनके हाथ में वास्तविक सत्ता है) मोहम्मद युनूस की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को प्रत्यर्पित कराने की ताजा घोषणा से भारत-बांग्लादेश रिश्तों में एक और पेच पडऩे का अंदेशा है। युनूस ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के 100 दिन पूरा होने के मौके पर राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि उनकी सरकार भारत से हसीना को वापस भेजने को कहेगी, ताकि जुलाई-अगस्त के छात्र आंदोलन में हुई मौतों के लिए उनकी जवाबदेही तय की जा सके। बांग्लादेश यह मांग औपचारिक रूप से सामने रखता है, तो भारत के लिए एक बड़ा असमंजस पैदा होगा। वैसे भी बांग्लादेश में शेख़ हसीना के हटने के बाद से कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिन्हें भारत के हित में नहीं माना जा सकता। अभी पिछले हफ्ते ही पाकिस्तान का एक मालवाहक पोत कराची से चल कर बांग्लादेश के दक्षिणपूर्वी तट पर स्थित चटगांव बंदरगाह पर पहुंचा। 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति युद्ध के बाद से दोनों देशों में पहली बार सीधा समुद्री संपर्क हुआ है। इससे पहले दोनों देशों के बीच समुद्री व्यापार सिंगापुर या कोलंबो के ज़रिए होता था। खुद बांग्लादेश ने इस घटना को पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों में महत्त्वपूर्ण क़दम की शुरुआत बताया है। कहा है कि इस रूट पर समुद्री संपर्क बनना दोनों देश के बीच सप्लाई चेन को आसान बनाएगा, परिवहन के समय में कमी आएगी और आपसी व्यवसाय के लिए नए अवसरों के दरवाज़े खुलेंगे। यह निर्विवाद है कि यह सीधा समुद्री संपर्क पाकिस्तान और बांग्लादेश के राजनयिक रिश्तों में एक ऐतिहासिक बदलाव का संकेत है। इसके पहले खबर आई थी कि दोनों देश एक परमाणु सहयोग समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसके तहत पाकिस्तान परमाणु बिजली संयंत्र लगाने में बांग्लादेश की मदद करेगा। स्पष्टत- युनूस की अंतरिम सरकार ने पाकिस्तान से रिश्तों में गर्माहट लाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। यह घटनाक्रम भारत के लिए चिंता का पहलू है। आम संबंधों के साथ दोनों देशों के उग्रवादी तत्वों के बीच संपर्क बनना भी आसान हो सकता है। लेकिन इस मामले में भारत कुछ कर सकने की स्थिति में नहीं दिखता।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप किसी की मदद करेंगे जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप काम में अपने किसी मित्र का सहारा ले सकते हैं। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। धार्मिक कामों में आपका मन लगेगा। आज आपके कॉन्फिडेंस से कोई काम बन जायेगा। आज मार्किट से कोई मनपसंद वस्तु खरीदने का मन बना सकते हैं। नयी कार्य योजनाओं को स्टार्ट करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे, जिन्हें आपको चूकना नहीं है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। आज समाज में आपके अच्छे काम से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे।

**कर्क राशि-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है, जिससे घर में खुशियां ही खुशियां होंगी। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, तारीफ मिलेगी। आज काम अधिक होने के कारण मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है, आपका पेशेंस आपको सफलता दिलाएगा।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में आपका काम देखकर जूनियर आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। आज बिजनेस में वर्तमान व्यवस्था को उचित बनाए रखने में आपका समय बीतेगा। आपको इसका सकारात्मक परिणाम भी हासिल होगा। इसलिए अभी किसी नए काम को शुरू ना करें। अगर बहुत दिनों से किसी से मिलने की सोच रहे है तो आज का दिन बेहतर है।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज छात्रों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। आप जिस काम में काफी दिनों से व्यस्त थे वो काम आज पूरा हो जायेगा, आप काम करने के नए टारगेट बनायेंगे। आज आपका मन इश्वर की आराधना में लगेगा आप किसी मंदिर जाकर पूजा अर्चना करेंगे।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जायेंगे जहाँ आपको काफी अच्छा लगेगा। आपका अच्छा स्वभाव लोगों का प्रिय बनायेगा। आपकी सुख-सुविधाएं बनी रहेगी।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। आज ऑफिस में किसी से आपकी बहस हो सकती है। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। शारीरिक रूप से आपको थोड़ी थकावट महसूस हो सकती है, आपके काम की गति कुछ रुक सकती है।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कोई रुका काम पूरा हो जायेगा। आज सोसाइटी से संबंधित किसी विवाद में आपका प्रस्ताव निर्णायक साबित होगा।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा कार्य करने से पहले अपने बड़ों की राय लेना न भूलें, इससे आपको आगे बढ़ने में आसानी होगी। इस राशि के लोग आज किसी बड़ी योजना को शुरू कर सकते है, जिसका फायदा उन्हें आगे चलकर जरूर मिलेगा।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का हल निकालने में सक्षम रहेंगे, परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। आप अपने दोस्तों केसाथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे, जहाँ आपको काफी शांति महसूस होगी।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट के व्यापारी आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ कमाएंगे। आज आपके माता-पिता की नाराजगी आपसे खत्म होगी। आपके आसपास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा जिसमें आपका परिवार शामिल होगा।

# बांग्लादेश के हालात बता रहे हैं- एक हैं तो सेफ हैं सिर्फ चुनावी नारा नहीं बल्कि दीर्घायु रहने का मंत्र है

//नीरज कुमार दुबे//

**देखा जाये तो बांग्लादेश में शेख हसीना को पद से हटाने के बाद कट्टरपंथियों ने शासन करने के लिए जिन मोहम्मद यूनुस को चुना वह तो सबसे बड़े कट्टरपंथी निकले। मोहम्मद यूनुस की आंखों के सामने हिंदुओं का खून बह रहा है और वह कह रहे हैं कि यह हमारा आंतरिक मामला है।**



बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार का राउंड टू चल रहा है जिसे दुनिया के बड़े-बड़े देश बड़े चाव से देख रहे हैं। हिंदुओं को जिस तरह मारा काटा जा रहा है उस पर संयुक्त राष्ट्र भी चुप है, संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार आयोग और दुनिया भर में काम करने वाले तमाम मानवाधिकार संगठन चुप हैं क्योंकि जिनको मारा जा रहा है, जिनको काटा जा रहा है, जिनके घर जलाये जा रहे हैं, जिनके यहां लूट की जा रही है, जिनकी बेटियों के साथ अत्याचार किये जा रहे हैं, वह सब हिंदू हैं। गाजा में एक भी मस्जिद पर हमला होता है तो पूरी दुनिया में मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक बड़ा बवाल खड़ा कर देने वाले बांग्लादेश में मंदिरों को आग के हवाले होते देख कर, देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित होता देख कर बड़े खुश हो रहे हैं और किसी की जुबान से उफ तक नहीं निकल रही।

देखा जाये तो बांग्लादेश में शेख हसीना को पद से हटाने के बाद कट्टरपंथियों ने शासन करने के लिए जिन मोहम्मद यूनुस को चुना वह तो सबसे बड़े कट्टरपंथी निकले। मोहम्मद यूनुस की आंखों के सामने हिंदुओं का खून बह रहा है और वह कह रहे हैं कि यह हमारा आंतरिक मामला है। दुनिया के किसी भी हिस्से में जब किसी हमले में मुस्लिमों की मौत होती है तो पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन होते हैं और संयुक्त राष्ट्र भी आपात बैठकें बुला कर निंदा प्रस्ताव पास करने लगता है और शांति की अपील करने लगता है लेकिन ढाका और बांग्लादेश के अन्य इलाकों में हिंदुओं का खून बह रहा है तो इसे एक देश का आंतरिक मामला बताया जा रहा है। मोहम्मद यूनुस जिस तरह इतने खूनखराबे पर भी खामोश हैं और मुस्कुरा के सब कुछ देख रहे हैं उसके चलते उनका नोबेल शांति पुरस्कार छीना जाना चाहिए। शांति का नोबेल पुरस्कार किसी ऐसे व्यक्ति के पास हर्गिज नहीं रहना चाहिए जो नरसंहार को बढ़ावा दे रहा हो या उसे रोक पाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा हो। बांग्लादेश के हालात को देखते हुए तो ऐसा लगता है कि मोहम्मद यूनुस को लाया ही इसलिए गया था ताकि वह कट्टरपंथियों को मनमानी करने की आजादी दे सकें और इस्लामिक देश से उसी तरह हिंदुओं का सफाया किया जा सके जिस तरह पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने अपने यहां से कर दिया। इसमें कोई दो राय नहीं कि आरक्षण के नाम पर बांग्लादेश में शुरू हुआ आंदोलन अब हिंदू विरोधी आंदोलन का रूप ले चुका है। बहरहाल, बांग्लादेश से जो तस्वीरें और वीडियो सामने आ रहे हैं उससे भारत के हिंदुओं को भी बटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं का अर्थ समझ आ जाना चाहिए। बांग्लादेश की स्थिति बता रही है कि अगर हिंदू कटेंगे तो दुनिया में कहीं कोई आवाज नहीं उठेगी और कोई बचाने नहीं आयेगा इसलिए एक हैं तो सेफ हैं यह कोई चुनावी नारा नहीं बल्कि दीर्घायु रहने का मंत्र है।

## अराजकता फैलाने की बातें मतदाताओं को पसंद नही

आज़ाद भारत के इतिहास में तेईस नबंवर की तारीख़ कई मायने में बेहद अहम है। कल तक जिस भाजपा के खिलाफ राजनीतिक दलों और उनके रहनुमाओं ने मुसलमानों को जो डर दिखा कर एकजुट रक्खा था उसी फार्मूले से भाजपा ने बहुसंख्यक हिंदुओं को अपने हक़ में खड़ा करने का करिश्मा कर डाला है।'बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे'ज् इस के साथ ही वक़्फ़ बोर्ड के असीमित अधिकारों को लेकर जेपीसी की बैठकों में जिस तरह के विवाद और एक किसिम की हुल्लड़बाजी की खबरें और बयानबाजी हुई उसने भाजपा की राह महाराष्ट्र में आसान कर दी। आगे इस मुद्दे पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के व्यवहार पर देश के जनमानस की पैनी नज़र रहेगी।

बहरहाल बहुसंख्यक वर्ग को भाजपा से अधिक विपक्ष के रवैए ने यह समझाने में सहयोग किया कि अल्पसंख्यक की भाँति एक नहीं हुए तो तुम्हारे हितों को काट कर उनको दिया जाएगा जो एकमुश्त वोट करते हैं । विपक्ष ने संतुलन की रणनीति पर काम नही किया तो महाराष्ट्र जैसे नतीजे आगे भी आते रहेंगे । इसे लेकर भाजपा मारे खुशी के फूल कर कुप्पा हुई जा रही है।नतीजतन महाराष्ट्र सरीखे अहम सूबे में कांग्रेस की लीडरशिप में चुनाव लड़ रही महा आगाड़ी विकास पार्टी की धोबी घाट वाली धुलाई हो गई । राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस से अलग होकर एनसीपी बनाने मराठा सरदार शरद पवार और पूर्व सीएम उद्दव ठाकरे का कांग्रेस के माईबाप राहुल गांधी जी का विधानसभा चुनाव के नतीजों ने बैण्ड बाजा जुलूस निकाल दिया है । दो सौ अठ्ठासी सीटों वाले महाराष्ट्र में भाजपा नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने दो सो तीस विधायकों की जीत के साथ जो धमाका किया उसकी गूंज देर तक और बहुत दूर तक सुनाई देगी । लेकिन दूसरी तरफ़ झारखंड राज्य ने हेमंत सोरेन वाले इंडी ब्लाक को एक तरफा बहुमत देकर विपक्ष के दिए की लौ को भी ठंडी नही होने दिया । इसलिए देश के चतुर सुजान मतदाताओं को साष्टांग दण्डवत प्रणाम क्योंकि वह लोकसभा चुनाव में दो सौ चालीस सीट पर भाजपा के अश्वमेघ यज्ञ को रोक कर नियंत्रित और नियोजित होने का निर्देश देता है तो दो सौ बहत्तर के स्थान पर केवल निन्यानवे सीटें जिताकर क़ायदे में रहने की नसीहत देता है । इसके बाद भी जब एनडीए के बहुमत वाली मोदी सरकार गिराने की धमकी देकर बांग्लादेश जैसी अराजकता फैलाने की बातें करने वाली कांग्रेस और उनके साथियों का कई राज्यों में बोरिया बिस्तर बांध कर साफ़ कर दिया है कि मतदाताओं को यह पसंद नही है।खैर , राज्यों के चुनावी नतीजों पर आते हैं-महाराष्ट्र में अठ्ठत्तर विधायकों वाला जो अगाड़ी गठबंधन फिर से सरकार बनाने का दावा कर रहा था उसके मात्र अड़तालीस प्रत्याशी ही विधायक बन पाए । जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना से और एनसीपी से अजीत पवार की बगावत के पहले उद्दव ठाकरे के नेतृत्व में महा अगाड़ी गठबंधन सरकार चला रहा था। यूपी और राजस्थान में उप चुनाव में भाजपा को पहले से ज्यादा कामयाबी देकर लोकसभा चुनाव में जो झटका दिया था उस पर मरहम लगाने का काम मतदाता माइबाप ने कर दिया है।

# आलोचना पर दमनात्मक रवैया लोकतंत्र के लिए खतरा

//योगेंद्र योगी //

**केंद्र सरकार और भाजपा जहां गोधराकांड पर बनी फिल्म को सच सामने लाने वाला बताते हुए तारीफ कर रही हैं, वहीं वर्ष 2023 में गुजरात दंगों पर बीबीसी के बनाए वृत्त चित्र को न सिर्फ प्रतिबंधित कर दिया गया था, बल्कि आयकर विभाग ने बीबीसी के परिसरों में छापे की कार्रवाई की थी। सत्तारुढ़ राजनीतिक दलों के नेताओं को आलोचना जरा भी बर्दाश्त नहीं है। मीडिया और सोशल मीडिया पर यदि सत्तारुढ़ दलों के नेताओं के खिलाफ कुछ लिखा या बोला जाता है तो उन पर सरकारें दमनात्मक कार्रवाई करने पर उतारू हो जाती हैं।**

राजनीतिक दल चाहे राष्ट्रीय हो या क्षेत्रीय, किसी को आलोचना बर्दाश्त नहीं है। उनका निशाना विपक्ष और मीडिया रहता है। सत्तारुढ़ दलों को आलोचना तभी तक सुहाती है जब वह विपक्षी दलों की हो। ऐसे में सच्चाई पर पर्दा डालने के लिए राजनीतिक दलों के नेता सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखते।



फिल्म साबरमती रिपोर्ट को लेकर भाजपा और केंद्र सरकार के मंत्री गदगद नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बीबीसी ने जब गोधराकांड के बाद गुजरात में हुए दंगों को लेकर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई तो न सिर्फ उस प्रतिबंध कर दिया गया, बल्कि आयकर विभाग ने बीबीसी पर छापे की कार्रवाई की। विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट को हरियाणा, छत्तीसगढ़ के साथ ही अब मध्य प्रदेश में भी टैक्स फ्री कर दिया गया है। इन तीनों राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की तारीफ के बाद राजनीतिक महकमों में भी इसकी चर्चा बढ़ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा फिल्म को देखने के बाद इसकी सराहना की गई। विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की केंद्रीय भूमिका वाली यह फिल्म 27 फरवरी, 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड पर आधारित है। गोधरा स्टेशन के पास खड़ी साबरमती एक्सप्रेस की बोगी नंबर एस6 में आग लगा दी गई थी। अयोध्या से लौट रहे 59 हिंदू कारसेवक जिंदा जल गए थे। मरने वालों में 27 महिलाएं और 10 बच्चे भी शामिल थे। उसके बाद पूरे गुजरात में जो दंगा भड़का, वह आजाद भारत के सबसे भयावह दंगों में से एक था। मोदी उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री थे। अब द साबरमती रिपोर्ट के जरिए बड़े पर्दे पर गोधरा कांड का खौफनाक मंजर दिखा है। पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम मंत्रियों और बीजेपी नेताओं ने द साबरमती रिपोर्ट की प्रशंसा की है। गोधरा में ट्रेन जलाए जाने की भयानक घटना का परिणाम पूरे राज्य में हिंसक दंगों की शक्ल में सामने आया। पूरा गुजरात जल उठा था। केंद्र सरकार ने 2005 में राज्यसभा को बताया था कि दंगों में 254 हिंदुओं और 790 मुसलमानों की जान गई थी। कुल 223 लोग लापता बताए गए थे। हजारों लोग बेघर भी हो गए थे। तत्कालीन मोदी सरकार ने एक जांच आयोग का गठन किया था। उस आयोग में जस्टिस जी टी नानावटी और जस्टिस के जी शाह शामिल थे। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मारे गए 59 लोगों में से अधिकतर कारसेवक थे। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने जस्टिस यूसी बनर्जी की अध्यक्षता में एक अलग जांच आयोग का गठन किया। इस आयोग ने मार्च 2006 में सौंपी अपनी रिपोर्ट में इस घटना को एक दुर्घटना बताया। सुप्रीम कोर्ट ने रिपोर्ट को असंवैधानिक और अमान्य करार देते हुए खारिज कर दिया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक विशेष जांच दल का गठन किया।

गोधरा कांड और उसके बाद भड़के दंगों ने भारत की राजनीति को हमेशा-हमेशा के लिए बदल दिया। इस मामले में अदालती कार्रवाई जून 2009 से, घटना के आठ साल बाद शुरू हुई। स्पेशल एसआईटी कोर्ट ने 1 मार्च, 2011 को 31 लोगों को दोषी ठहराया, जिनमें से 11 को मौत की सजा और 20 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अदालत ने इस मामले में 63 लोगों को बरी भी किया। एसआईटी कोर्ट ने उन आरोपों से सहमति जताई कि यह अनियोजित भीड़ द्वारा की गई घटना नहीं थी, बल्कि इसमें साजिश शामिल थी। 31 दोषियों को भारतीय दंड संहिता की आपराधिक साजिश, हत्या और हत्या के प्रयास से संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। गुजरात सरकार ने बाद में आरोपियों को बरी किए जाने पर सवाल उठाए। जिन्हें दोषी ठहराया गया, उन्होंने भी गुजरात हाई कोर्ट में अपील की। हाई कोर्ट ने मामले में कुल 31 दोषियों को दोषी ठहराया था और 11 दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था। अब मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने है। गुजरात सरकार ने 11 दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने के खिलाफ अपील की है, कई दोषियों ने मामले में उनकी दोषसिद्धि को बरकरार रखने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी। केंद्र सरकार और भाजपा जहां गोधराकांड पर बनी फिल्म को सच सामने लाने वाला बताते हुए तारीफ कर रही हैं, वहीं वर्ष 2023 में गुजरात दंगों पर बीबीसी के बनाए वृत्त चित्र को न सिर्फ प्रतिबंधित कर दिया गया था, बल्कि आयकर विभाग ने बीबीसी के परिसरों में छापे की कार्रवाई की थी। बीबीसी डॉक्यूमेंट्री इंडिया द मोदी क्वेश्चन दो भागों वाली एक श्रृंखला थी। यह जनवरी में यूके में प्रसारित हुई थी। इसमें बताया गया कि 2014 में मोदी के निर्वाचित होने के बाद से, उनकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने हिंदू-केंद्रित नीतियों को अपनाया है, जिन पर दक्षिणपंथी धार्मिक राष्ट्रवादी एजेंडे के तहत भारत के 200 मिलियन मुसलमानों को निशाना बनाने और उनके साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया गया है, जो भारत को इसकी धर्मनिरपेक्ष नींव से दूर ले जा रहा है। मोदी सरकार की ओर से इस मामले में त्वरित और स्पष्ट प्रतिक्रिया आई। विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रवक्ता ने कहा कि इस डॉक्यूमेंट्री में पूर्वाग्रह और निष्पक्षता की कमी तथा औपनिवेशिक मानसिकता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। बीबीसी पर सरकार विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप लगाया गया। इसके बाद आयकर विभाग के एक दर्जन से ज़्यादा अधिकारियों ने बीबीसी के मुंबई और नई दिल्ली स्थित दफ़्तरों पर छापा मारा। इसे उन्होंने सर्वेक्षण बताया। कर चोरी की जांच के तहत फ़ोन और लैपटॉप जब्त कर लिए गए और दफ़्तरों को सील कर दिया। इससे जाहिर है कि सत्तारुढ़ दलों को नेताओं को सिर्फ मनमाफिक एजेंडे वाले कार्यक्रम ही सुहाते हैं।

इसमें कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं हैं। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जब कभी विपक्षी दलों के खिलाफ हिंसा करवाने के आरोप लगे, तब इसे भाजपा और मीडिया की साजिश करार दिया गया। यही हाल दूसरे राज्यों की क्षेत्रीय दलों की सरकारों का है। विपक्ष दल और मीडिया जब कभी सत्तारुढ़ दलों के खिलाफ कोई खुलासा करते हैं, तब उन्होंने प्रताडऩा का सामना करना पड़ता है। इसका प्रमाण यह है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एक कार्टून बनाने पर कार्टूनिस्ट को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। तमिलनाडु में तत्कालीन मुख्यमंत्री जे जयललिता ने राज्य विधानसभा से 43 विपक्षी सदस्यों को निष्कासित कर दिया और उन्हें कुछ समय के लिए जेल में डाल दिया। जब अंग्रेजी के एक अखबार ने उनके कार्यों की आलोचना करते हुए दो लेख और एक संपादकीय चलाया, तो जयललिता ने जवाब में समाचार पत्र के खिलाफ 17 अलग-अलग आपराधिक मानहानि के मामले दर्ज कराए। इससे जाहिर है कि राजनीतिक दलों के नेताओं के कारनामें उजागर करने पर कानून की चाबुक चलाने में कोई भी पीछे नहीं है। सच्चाई की तलाश में किए गए ऐसे प्रयासों पर नेताओं की टेढ़ी नजर रहती है।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।



केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, किरेन रिजिजू और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चित्रकूट में पवित्र मंदाकिनी गंगा नदी के तट पर स्थित रामघाट आरती स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।



सियोल से लगभग 200 किलोमीटर दक्षिण में जिनान में बर्फ के भार से गिरा हुआ एक पेड़ सड़क को अवरुद्ध कर रहा है, यह तस्वीर स्थानीय अग्निशमन सेवा द्वारा उपलब्ध कराई गई है।



नई दिल्ली में रोहिणी के प्रशांत विहार में सीआरपीएफ स्कूल के पास विस्फोट की खबर के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीमें घटनास्थल पर जांच कर रही हैं।



मणिपुर के इंफाल में हजारों महिलाएं सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही हैं और जिरीबाम हत्याकांड तथा लेइमाखोंग आर्मी कैंप से लापता लोगों के लिए न्याय की मांग कर रही हैं।



केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने पटना में पार्टी के स्थापना दिवस समारोह के दौरान अपने पिता रामविलास पासवान को श्रद्धांजलि दी।

# महाराष्ट्र में सरकार बनाने की कवायद तेज, अमित शाह के आवास पर बैठक शुरू, एकनाथ शिंदे, फडणवीस और अजित पवार मौजूद



**नईदिल्ली, 29 नवंबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र सरकार के गठन को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर बैठक शुरू हो गई है। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ महत्वपूर्ण चर्चा के लिए महायुति गठबंधन के नेता देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार नई दिल्ली पहुंच चुके है। उम्मीद है कि अमित शाह समेत भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इन बैठकों के दौरान अगले मुख्यमंत्री पर फैसले को अंतिम रूप देगा। महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम और पार्टी प्रमुख एकनाथ शिंदे के दिल्ली पहुंचने पर शिवसेना सांसदों ने उनका स्वागत किया। वहीं, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी प्रमुख अजित पवार गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर पहुंच गए हैं।

महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस, राकांपा प्रमुख अजित पवार और अन्य महायुति नेताओं ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को बहुमत मिलने के बावजूद अभी तक मुख्यमंत्री कौन होगा इसपर फैसला नहीं हुआ है। 280 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में 132 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि उसके सहयोगियों- एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 41 सीटें हासिल कीं। मुंबई से पहुंचे एकनाथ शिंदे सीधे अमित शाह के कृष्ण मेनन मार्ग स्थित आवास पर पहुंचे, जहां भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले से मौजूद थे। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी प्रमुख अजित पवार गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर पहुंच गए हैं। इससे पहले एकनाथ शिंदे ने कहा कि वह राज्य में सरकार गठन में बाधा नहीं बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शाह द्वारा लिए गए फैसले का पालन करेंगे। सूत्रों ने बताया कि यह बैठक महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि ऐसी खबरें आई हैं कि फडणवीस का तीसरी बार मुख्यमंत्री बनना तय समझे जाने की धारणा के बावजूद भाजपा नेतृत्व अपने कुछ मराठा नेताओं के नामों पर विचार कर रहा है। मुख्यमंत्री के चयन में जातिगत समीकरण की बड़ी भूमिका होने वाली है, क्योंकि सभी दलों के 288 विधायकों में से अधिकतर मराठा समुदाय से हैं। फडणवीस ब्राह्मण समुदाय से हैं और पहली बार 2014 में मुख्यमंत्री बने थे और फिर 2019 में कुछ समय के लिए फिर से मुख्यमंत्री बने।सूत्रों ने कहा है कि यदि आरएसएस की चली तो फडणवीस के मुख्यमंत्री बनने की प्रबल संभावना है। भाजपा नीत महायुति गठबंधन ने राज्य विधानसभा चुनावों में 288 सदस्यीय सदन में 230 सीट पर जीत दर्ज की। विपक्षी महाविकास आघाडी (एमवीए) को 46 सीट पर समेट दिया। भाजपा ने 132 सीट, शिवसेना ने 57 और राकांपा ने 41 सीट जीतीं। एमवीए में शामिल शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीट, कांग्रेस ने 16 और शरद पवार की राकांपा ने 10 सीट पर जीत दर्ज की।शिंदे के एक करीबी सहयोगी ने गुरुवार को कहा कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री द्वारा नई सरकार में उप मुख्यमंत्री का पद स्वीकार करने की संभावना नहीं है। शिवसेना प्रवक्ता संजय शिरशाट ने हालांकि कहा कि शिंदे मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं।

## पुतिन ने एंजेला मर्केल से क्यों मांगी माफी, कहा- नहीं थी मेरी यह मंशा



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को इस बात से इनकार किया कि उन्होंने 2007 में एक बैठक में जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल को डराने के लिए जानबूझकर अपने काले लैब्राडोर कोनी को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लाए थे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उनका इरादा मर्केल को डराने का नहीं था। पुतिन ने यह बात एक जर्मन अखबार से इंटरव्यू के दौरान कही थी।बता दें उस समय यह राजनयिक घटना काफी सुर्खियों में रही थी। मर्केल ने अपने नए संस्मरण फ्रीडम में लिखा है कि, यह जानते हुए कि पुतिन कभी-कभी विदेशी मेहमानों के साथ बैठकों में पालतू जानवरों को लाते हैं, उन्होंने पिछले साल एक सहयोगी से पुतिन की टीम से अनुरोध किया था कि वे कोनी को उनकी उपस्थिति में बाहर न लाएँ क्योंकि वह कुत्तों से डरती थी।मर्केल के मुताबिक 1995 में उन पर एक कुत्ते ने हमला किया था, इसके बाद से कुत्तों से डरती हैं। जनवरी 2007 में जब पुतिन अपने बड़े काले लैब्राडोर कोनी को रूस के सोची में अपने निवास पर एक बैठक में लेकर आए, तो उनकी तस्वीर में वे स्पष्ट रूप से असहज दिख रही थीं और जब कुत्ता मर्केल की तरफ आ रहा था तब पुतिन मुस्करा रहे थे।कुत्ता कमरे के चारों ओर घूमता रहा और सीधे मर्केल के पास चला गया, जबकि चांसलर, जो स्पष्ट रूप से असहज दिख रही थी, फोटोग्राफरों और टीवी कैमरों के सामने पुतिन के साथ बैठी थी।अब, वर्षों बाद, पुतिन ने एक जर्मन अखबार बिल्ड को बताया था कि उनका मर्केल को डरान का कोई इरादा नहीं था

## यूक्रेन में शीत लहर के बीच पुतिन का टॉर्चर! ऊर्जा संयंत्रों पर ताबड़तोड़ हमले, अंधेरे में 10 लाख लोग



**कीव, 29 नवंबर [एजेंसी]।**

रूस ने गुरुवार को यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर इस महीने में दूसरी बार बड़ा हवाई हमला किया। इस हमले के कारण यूक्रेन के मध्य, पश्चिम और दक्षिण भागों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इससे भीषण ठंड के मौसम में 10 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। यह रूसी हमला तब हुआ है जब शीत लहर का दौर करीब है। इस दौरान प्रभावित इलाकों का तापमान शून्य के करीब रहता है और इस समय घरों और कार्यालयों को गर्म रखने के लिए बिजली की जरूरत होती है।यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा है कि इस वर्ष मार्च से यूक्रेन के बिजली संयंत्रों पर रूस का यह 11 वां बड़ा हमला था। इनसे यूक्रेन की आधी से ज्यादा विद्युत क्षमता नष्ट हो चुकी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि गुरुवार के हमले में रूस ने क्रुज मिसाइलों और क्लस्टर बमों का इस्तेमाल किया।

यूक्रेनी वायुसेना ने दावा किया है कि हमले के लिए आई रूस की 91 मिसाइलों में से 79 को और 35 ड्रोन को आकाश में ही नष्ट कर दिया गया। फरवरी 2022 से जारी युद्ध में इसी महीने अमेरिका और ब्रिटेन ने अपनी मिसाइलों से रूस के अंदरूनी हिस्सों में हमले की यूक्रेन को अनुमति दी है तो जवाब में रूस ने अपनी नई हाइपरसोनिक बैलेस्टिक मिसाइल से हमला कर कड़े जवाब का संदेश दिया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि रूस कीव के नीतियां बनाने वाले ठिकानों को निशाना बना सकता है। 33 महीने से ज्यादा के युद्ध में रूस ने अभी तक यूक्रेन के महत्वपूर्ण सरकारी भवनों को निशाना नहीं बनाया है। ये भवन पश्चिमी देशों के दिए एयर डिफेंस सिस्टम की सुरक्षा में भी हैं, लेकिन पुतिन ने कहा है कि रूस की नई ओर्शनिक हाइपरसोनिक मिसाइल को रोक पाने में कोई भी डिफेंस सिस्टम सक्षम नहीं है। इसलिए लड़ाई के क्षेत्र को बढ़ाया न जाए।

## कोटा के छात्रों को अपना शिकार बना रहा ड्रग्स माफिया, नशे की राह पर जा भविष्य

**कोटा, 29 नवंबर [एजेंसी]।**

छात्रों की आत्महत्या के लिए सुर्खियां बटोरने वाली देश की कोचिंग राजधानी कोटा को अब एक और बड़ी समस्या से जूझना पड़ रहा है और ये समस्या है छात्रों का नशे की लत में फंसना। विशेषज्ञों का कहना है कि शैक्षणिक दबाव और अकेलापन के कारण छात्रों को आत्महत्या का कारण रहा है और उन्हें नशे की राह पर भी ले जा रहा है। किशोरावस्था में, पहली बार अपने परिवारों से दूर होने के कारण छात्र इन सब चीजों में पड़ जाता है। एनडीटीवी के मुताबिक अधिकारियों ने कहा कि पुलिस के हालिया अभियान में 100 से अधिक ड्रग तस्करों और उनके आकाओं को गिरफ्तार किया गया है, जिससे एक बहुत बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हो गया है। पूछताछ में पता चला कि वह कोटा के छात्रों को ड्रग्स बेचते थे।कोटा की पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमृता दुहन ने कहा कि शहर में छात्रों और अन्य युवाओं को कथित तौर पर नशीली दवाओं का लालच देने और उन्हें मादक पदार्थ पहुंचाने के आरोप में कुल 124 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने कहा कि हमने उन लोगों की पहचान करने के बाद गिरफ्तारियां कीं जो ड्रग्स की तस्करी करते हैं या विभिन्न कोचिंग सेंटरों में पढ़ने वाले छात्रों को मादक पदार्थ पहुंचाते हैं। ये गिरफ्तारियां ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत ड्रग माफिया पर कार्रवाई के तहत की गईं। पुलिस ने कहा कि स्मैक (हेरोइन), चरस और गांजा (मारिजुआना) ऐसी दवाएं हैं जो सबसे ज्यादा प्रचलन में हैं।

## भाई के साथ आई थी बहन, हरकतों पर हुआ शक, पुलिस ने गिरफ्तार कर ली तलाशी तो उड़ गए सभी के होश



**बुलंदशहर, 29 नवंबर [एजेंसी]।**

कोतवाली डिबाई की रिपोर्टिंग चौकी दौलतपुर पुलिस ने गुरुवार को महिला सवारियों के साथ लूटपाट ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चैकिंग के दौरान गिरोह के पांच बदमाश और उनकी साथी महिला को गिरफ्तार किया है। बदमाश अलीगढ़, बुलन्दशहर, हापुड़, गाजियाबाद के अलावा आसपास के जिलों में महिला सवारियों के साथ कार में बिठाकर लूटपाट और ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे। एसपी देहात रोहित मिश्रा ने बताया कि बुधवार की रात पुलिस टीम भीमपुर दोराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान चौकी प्रभारी को सूचना मिली की दो कारों में सवार कुछ लोग केवल महिला सवारियों को बैठाने का प्रयास कर रहे हैं। पुरुष सवारी मिलने पर आनाकानी करने लगते हैं। पुलिस ने शक होने पर दोनों कारों को तलाशना शुरू कर दिया। इस पर दोनों कार सवार अनूपशहर की ओर भाग निकले। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दोनों कारों को अलीगढ़ अनूपशहर रोड़ की सूरजपुर मखेना नहर से पकड़ लिया। दोनों कारों में एक महिला समेत पांच लोग सवार थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लूटपाट की घटना के इरादे से क्षेत्र में आए थे। पहले भी इस क्षेत्र में कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के नाम अलीगढ़ के सुरेंद्र, सौदान सिंह, संभल के मोहित व उसकी बहन सोनिया, बुलंदशहर के सनी, और नीरज बताए।

पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए बदमाश शातिर अपराधी हैं। उन्होंने 20 नवंबर को भीमपुर दोराहे से कार में बैठाकर एक महिला को लूटपाट के बाद कसेर स्टेशन पर उतार दिया था। इसके अलावा 21 नवंबर को स्याना के हापुड़ अड्डे पर एक महिला और 24 नवंबर को इसी थाना क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप से बिठाकर एक महिला को लूटा था। आरोपियों ने दो अक्टूबर को कोतवाली डिबाई के धर्मपुर चौकी क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ के साथ मारपीट करते हुए लूटपाट की थी।

पुलिस ने बदमाशों के अन्य साथी मेरठ की कमलेश पत्नी चंद्रपाल, बुलंदशहर के गुड्डू और जैकी उर्फ प्रदीप की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बदमाशों के पास से सोने चांदी के आभूषण, तीन तमंचे, कारतूस, चाकू, दो मारुति कार और महिला सवारियों के पास से लूटी गई एक लाख 39 हजार रुपए की धनराशि बरामद की है। बदमाशों पर बुलंदशहर अलीगढ़ समेत आसपास के जिलों में लूटपाट के कई मुकदमे दर्ज हैं।

## महिला ने नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी पर फेंका तेजाब, साथी संग हुई गिरफ्तार



**जयपुर, 29 नवंबर [एजेंसी]।**

राजस्थान के प्रतापगढ़ में गुरुवार को नारकोटिक्स विभाग के एक अधिकारी पर तेजाब फेंकने के आरोप में एक महिला और एक पुरुष को हिरासत में लिया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी।

प्रतापगढ़ के एसपी विनीत बंसल ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि महिला और अधिकारी एक-दूसरे को जानते थे। हालांकि, अभी सटीक कारण का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि महिला और उसके साथी ने बमोत्रा के पास नारकोटिक्स विभाग के सब-इंस्पेक्टर हर्षवर्धन की कार को रोका। एसपी ने एजेंसी को बताया कि कुछ देर बात करने के बाद आरोपियों ने उस पर तेजाब फेंक दिया और भाग गए।

उन्होंने बताया कि पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया और उसका इलाज चल रहा है। एसपी के मुताबिक आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## जोधपुर में ईडी की छापेमारी, साइबर ठग के गिरोह के घर से लाखों की संपत्ति जब्त

**नईदिल्ली, 29 नवंबर [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय ने राजस्थान के जोधपुर में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक घर में छापा मारा है, जहां अब तक लाखों रुपये बरामद किए जा चुके हैं। जानकारी के मुताबिक यह घर ऑनलाइन फ्रॉड के एक गिरोह के सरगना का है। ईडी ने जोधपुर स्थित उसके निवास पर गुरुवार सुबह छापेमारी की थी। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार ईडी की टीम जोधपुर के सांगरिया इलाके में स्थित हीरालाल चौधरी के घर पर तलाशी अभियान चला रही है। बताया जा रहा है कि रेड में करीब साढ़े 37 लाख रुपए कैश जब्त किए गए है। रिपोर्ट के मुताबिक हीरालाल चौधरी का बेटा राकेश चौधरी ऑनलाइन फ्रॉड का एक गिरोह चलाता है।उसने ऑनलाइन ठगी से करोड़ों की संपत्ति बना ली है। जानकारी के मुताबिक ईडी की टीम के आवास पर पहुंचने पर परिवार के कुछ सदस्य फरार हो गए। हीरालाल चौधरी और राकेश चौधरी भी फरार बताए जा रहे है। इधर, स्थानीय पुलिस और ईडी की टीम ने घर से कैश समेत अन्य दस्तावेजों को जमा किया है।




रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी राकेश एक ऑनलाइन फ्रॉड का गिरोह चलाता था और खुद उसका सरगना था। उसके लिए करीब 60 से 70 लड़के काम भी करते थे। उसने उन लोगों को झांसे में लेकर बैंक खाते खुलवाए गए थे और कमीशन के नाम पर पैसा देने का वादा किया था। ऐसे में माना जा रहा है कि राकेश के गिरफ्तार होने पर मामले से जुड़े कई अहम खुलासे हो सकते हैं।रिपोर्ट में बताया गया है कि उसने ऑनलाइन ठगी से करोड़ों की संपत्ति बना ली है और ऐशों आराम की जिंदगी जी रहा था। पता चला है कि उसने जमीनों में भी ठगी का पैसा लगाया है। जबकि उसके पिता एक सामान्य किसान मजदूर हैं। वह पहले किसी कंपनी में नौकरी भी करता था, लेकिन बाद में घर पर बैठकर लोगों को ठगने का धंधा शुरू कर दिया।

## सनातन धर्म से प्रभावित हुईं रूस की सेनिया, देवघर के राहुल संग बाबा मंदिर में लिए सात फेरे

**नईदिल्ली, 29 नवंबर [एजेंसी]।**

देवघर। रूस की दुल्हन, देवघर का दूल्हा। रूस में मुलाकात और बाबा बैद्यनाथ मंदिर में शादी। सबसे खास बात, यह विवाह हिंदू रिति-रिवाज से देशी अंदाज में संपन्न हुआ। देवघर में हुई इस अनूठी शादी की चर्चा यहां खूब हो रही है.इस अनोखी जोड़ी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग बाबा मंदिर में जुटे.देवघर जिला के जसीडीह थाना क्षेत्र के रोहिणी सिंहजोड़ी गांव निवासी राहुल कुमार राजेश ने रूस के सोमाकारियातो निवासी सेनिया बलादमी रोवना संग हिंदू रीति -रिवाज से बुधवार को बाबा मंदिर प्रांगण में सात फेरे लिए। सेनिया ने कहा कि उसे सनातन संस्कृति से शुरू से ही लगाव रहा है।इस विवाह को देखने के लिए बाबा मंदिर प्रांगण में लोगों की भीड़ लगी रही। उत्सुकता के साथ लोग इन दोनों जोड़ों के बारे में चर्चा करते हुए दिखे। रूस की दुल्हन और देवघर के दूल्हे की शादी लोगों की चर्चा का विषय बनी रही।



वहीं वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए लड़के की मां पुष्पलता भारती एवं बड़े जीजा अखिलेश रंजन बाबा मंदिर पहुंचे थे। राहुल के पिता प्रो लक्ष्मण प्रसाद अब इस दुनिया में नहीं हैं। वह सत्संग कॉलेज में कार्यरत थे।सेनिया ने कहा कि उन्हें भारतीय संस्कृति की आभा शुरू से ही आकर्षित करती रही है। भारतीय संस्कृति की जानकारी उन्हें पुस्तकों से मिली थी और धीरे-धीरे उनका झुकाव हिंदू धर्म की प्रति होता गया। वह कहती हैं कि मैं एक क्रिशचन परिवार से हूं लेकिन यहां आकर सुकून महसूस कर रही हूं। मैं इस विवाह से खुश हूं। मेरे स्वजन भी खुश हैं। मेरे साथ मेरी दोस्त डैनी और उसका लड़का भी आया है।राहुल कुमार राजेश ने बताया कि वह रूस में इंडियन फॉरेन सर्विस में फर्स्ट सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत थे। वहीं एक कार्यक्रम में सेनिया से मुलाकात हुई थी। फिर दोनों एक-दूसरे के करीब आए। मुलाकातों के बढ़ने के बाद हम एक-दूसरे को समझने लगे। दोनों ने एक-दूसरे का होने का संकल्प लिया। स्वजन की स्वीकृति से ही हम इस पवित्र रिश्ते में बंधे हैं। हम दोनों इस रिश्ते से बेहद खुश हैं। फिलहाल राहुल इस्लामाबाद में पदस्थापित हैं।

## संभल हिंसा में तीन अन्य आरोपी गिरफ्तार

संभल। संभल हिंसा के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। कोतवाली संभल क्षेत्र में हिंसा के दौरान चिह्नित किए गए तीन आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अमीर पठान निवासी देहली दरवाजा, मोहम्मद अली निवासी कोट गर्वी और फैजान अब्बासी निवासी चौधरी सराय को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों पर हिंसा भड़काने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और शांति भंग करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

# पत्नी आगे फेंकती थी हुस्न का जाल, पति पीछे वसूलता था नोटों की गड्डी, 'आखिरी सौदे' ने पहुंचाया जेल!



**मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर [एजेंसी]।**

पुलिस ने हनी ट्रैप का राजफाश किया है। मामले में दंपती समेत तीन अभियुक्त पकड़े हैं। इनके कब्जे से मोबाइल फोन के अलावा फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोपी महिला लोगों को प्रेम जाल में फंसाती थी, जबकि उसका पति दुष्कर्म का झूठा आरोप लगवाकर अवैध रुपयों की वसूली करता था। दंपती समेत तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। गुरुवार को एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि गत 17 नवंबर को शौकीन पुत्र कादर खान ने थाना खालापार में मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि खालापार के सरफराज ने उसकी पत्नी सुहाना के साथ दुष्कर्म किया है। इसकी इंस्पेक्टर महावीर सिंह चौहान ने विशेष टीम बनाकर जांच कराई। टीम ने सीसीटीवी कैमरों के साथ अभियुक्तों के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल्स खंगाली गई। बस्ती के लोगों से भी पूछताछ की गई। दुष्कर्म की घटना के दौरान शौकीन ने डायल-112 को कॉल किया था, उसका भी परीक्षण किया गया। जांच से स्पष्ट हुआ कि आरोपी शौकीन ने अपनी पत्नी सुहाना उर्फ सना व एक साथी असलम के साथ मिलकर हनी ट्रैप गिरोह संचालित करता है। आरोपी की पत्नी सुहाना लोगों को प्रेमजाल में फंसाकर घर तक लाती है, उसके बाद उसका पति शौकीन व साथी मिलकर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज कराते हैं। बाद में पुलिस की कार्रवाई का खौफ दिखाकर अवैध रूप से धन उगाही करते हैं। थाने पर दर्ज कराया गया मुकदमा भी फर्जी निकला है। इसके बाद पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से अभियुक्तों को जेल भेजा गया है। हनी ट्रैप कांड का षड्यंत्र जेल में बैठकर रचा गया था। दरअसल, पकड़ा गया अभियुक्त असलम मीट कारोबारी है। वह गोहत्या के मामले में जेल गया था। यहां पर उसकी मुलाकात हत्या के मामले में बंद महिला के पति शौकीन से हुई थी। असलम को शक था कि उसे जेल भिजवाने में मीट कारोबारी सरफराज का हाथ है। इसका बदला लेने के लिए खेल किया गया। सरफराज को दुष्कर्म के मामले में फंसाने के लिए साढ़े तीन लाख रुपये में सौदा हुआ था, जिसमें एडवांस के तौर पर 50 हजार रुपये दिए गए थे। महिला सुहाना ने सरफराज का मोबाइल नंबर लेकर उसे प्रेमजाल में फंसाया था, जिसे घर बुलाकर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया।शौकीन और उसकी पत्नी सुहाना शातिर किस्म के हैं। आरोपियों ने इससे पहले पंजाब आदि स्थानों पर कई बेगुनाहों को शिकार बनाया है। आरोपी सुहाना पंजाब के संगरूर और मेरठ में भी रह चुकी है। सरफराज को फंसाने के बाद आरोपी सुहाना ने अपने मोबाइल का डाटा डिलीट कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने उसके मोबाइल का डाटा रिकवर कराया। वहीं, लगभग 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। कैमरों से साफ हुआ कि आरोपी महिला घटना वाले दिन अपने पति असलम के साथ थी। वह स्वयं ई-रिक्शा में बैठकर सरफराज के घर गई थी। सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्डिंग ने पूरे घटनाक्रम का राजफाश किया है।

## देवास पहुंचीं पीएम मोदी की पत्नी जशोदाबेन, माता टेकरी पर किए तुलजा भवानी-चामुंडा माता के दर्शन



**देवास।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पत्नी जशोदाबेन गुरुवार को इंदौर आईं थीं। वहां से देर शाम देवास पहुंचीं। यहां माता टेकरी गईं और माता तुलजा भवानी व चामुंडा माता के दर्शन किये। मुकेश पुजारी ने माता टेकरी पर तुलजा भवानी का पूजन करवाया और चुनरी भेंट कर स्वागत किया। करीब एक पौन घण्टे तक माता टेकरी पर दर्शन पूजन करने के उपरांत वे इंदौर रवाना हुईं। यातायात थाना प्रभारी पवनकुमार बागड़ी के अनुसार टेकरी से नीचे उतरने के बाद पहले देवास शहर में परिचितों से मुलाकात करने गई, जिसके बाद कार से इंदौर रवाना हुई। उनके साथ अन्य लोग भी आए थे। जशोदाबेन के देवास आगमन की जानकारी स्थानीय प्रशासन को भी बाद में मिली। अचानक ही उनका देवास आगमन का कार्यक्रम हुआ। इससे पहले भी जशोदाबेन देवास आ चुकीं हैं।

# शादी के लिए महिलाएं इस तरह से चुनें फुटवियर मिलेगा आरामदायक और स्टाइलिश लुक



शादी का दिन हर महिला के जीवन का सबसे खास दिन होता है। इस दिन की तैयारी में कपड़े, गहने और मेकअप के साथ-साथ फुटवियर की भी अहम भूमिका होती है।सही फुटवियर न केवल आपके लुक को पूरा करता है, बल्कि आपको आराम भी देता है।इसलिए यहां हम कुछ ऐसे टिप्स दे रहे हैं, जो आपकी शादी के दिन को और भी खास बना सकते हैं।

**आरामदायक चप्पलें चुनें**

शादी के दौरान आपको लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता है और कई बार चलना भी पड़ता है। इसलिए यह जरूरी है कि आप ऐसी चप्पलें चुनें जो आरामदायक हों।हील्स पहनने से पहले यह सुनिश्चित करें कि वे बहुत ऊंची न हों और उनमें कुशनिंग हो ताकि आपके पैर दर्द न करें।फ्लैट सैंडल या ब्लॉक हील्स एक अच्छा विकल्प हो सकता है। ये पहनने में अच्छे लगते हैं।

**मौसम को ध्यान में रखें**

फुटवियर चुनते समय मौसम का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।अगर आपकी शादी गर्मियों में हो रही है तो हल्के और सांस लेने वाले मटेरियल की चप्पलें चुनें ताकि आपके पैर पसीने से बच सकें।वहीं सर्दियों में बंद जूते या मोजड़ी पहनना बेहतर रहेगा ताकि आपके पैर ठंड से बचे रहें। बरसात के मौसम में फिसलन से बचने के लिए रबर सोल वाली चप्पलें चुनें।इस तरह आप हर मौसम में आरामदायक और सुरक्षित महसूस करेंगी।

**पारंपरिक डिजाइन पर ध्यान दें**

भारतीय शादियों में पारंपरिक डिज़ाइन की चप्पलों का चलन हमेशा रहता है। जूतियां, मोजड़ी या कढ़ाई वाली सैंडल्स आपके लुक को और भी खूबसूरत बना सकती हैं।ये न केवल सुंदर दिखती हैं बल्कि पारंपरिक पोशाकों जैसे लहंगा-चोली या साड़ी के साथ अच्छी तरह मेल खाती हैं।इसके अलावा ये चप्पलें आरामदायक भी होती हैं, जिससे आप पूरे दिन बिना किसी परेशानी के शादी के समारोह का आनंद ले सकती हैं।

**रंगों का सही चयन करें**

फुटवियर का रंग आपकी पोशाक से मेल खाना चाहिए ताकि आपका पूरा लुक एकसार लगे। अगर आपकी पोशाक लाल रंग की है तो गोल्डन या सिल्वर रंग की चप्पलें अच्छी लग सकती हैं।वहीं अगर आप किसी हल्के रंग की पोशाक पहन रही हैं तो न्यूड टोन या पेस्टल शेड्स वाली चप्पलों को प्राथमिकता दें।इसके अलावा अगर आपकी पोशाक में कई रंग हैं तो एक न्यूट्रल रंग की चप्पलें चुनें जो सभी रंगों के साथ मेल खाएं।

**अतिरिक्त जोड़-तोड़ से बचें**

अक्सर महिलाएं अपनी शादी के दिन ज्यादा चमक-धमक वाली चीजों को पसंद करती हैं, लेकिन फुटवियर में ज्यादा सजावट होने से वे असुविधाजनक हो सकते हैं।इसलिए कोशिश करें कि साधारण लेकिन स्टाइलिश डिजाइन वाली चप्पलों को चुने, जिनमें ज्यादा मोती, सितारे आदि न लगे हों।इन टिप्स को ध्यान में रखते हुए आप अपनी शादी के दिन ना सिर्फ खूबसूरत दिख सकती हैं बल्कि पूरे समय आरामदायक महसूस कर सकती हैं।



## रिश्ते में समझौता नहीं चाहतीं अनन्या पांडे, बोलीं-मैं चाहती हूं मेरा पार्टनर मेरी बात सुने

अभिनेत्री अनन्या पांडे एक पॉडकास्ट में अपनी कई निजी और मजेदार बातें साझा करती नजर आईं। उन्होंने बताया कि वह रिश्तों में कोई समझौता नहीं चाहती हैं। पॉडकास्ट में 'ड्रीम गर्ल 2' अभिनेत्री ने बताया कि अब किसी रिश्ते में समझौता नहीं करेंगी। इसके साथ ही उन्होंने रोमांस के बारे में भी अपने विचार रखे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेत्री कथित तौर पर मार्च में अभिनेता आदित्य रॉय से अलग हुई हैं। पॉडकास्ट में होस्ट राज शमनी ने अभिनेत्री से पूछा कि क्या वह ऐसे रिश्ते में रही हैं, जहां उन्होंने खुद से समझौता किया हो? अनन्या ने कहा, हम सभी के साथ ऐसा होता है, मैंने अपने आसपास ऐसा देखा है और मैं भी उस परिस्थिति में रही हूं। मुझे यकीन है कि मैंने खुद को बहुत बदला है, लेकिन इस हद तक नहीं बदला कि ज्यादा बुरा हो। मुझे अहसास हुआ है कि हां, मैं जो हूं, मैं वह नहीं रही। यह मेरे लिए अच्छी स्थिति नहीं थी। होस्ट ने अभिनेत्री से पूछा कि उन्होंने खुद में क्या बदलाव किया है और वह जब पीछे मुड़कर देखती हैं तो उन्हें खुद में कितना बदलाव दिखता है? अभिनेत्री ने जवाब दिया कि उनकी मेरी पसंद और नापसंद में बदलाव हुआ है। उदाहरण के लिए, वह क्या खाती हैं, कहां जा सकती हैं, यह सब भी उनके पार्टनर की मर्जी से तय होता है। उन्होंने कहा, मैं खाना भी उसी की पसंद का खाऊंगी और मैं बाहर नहीं जाऊंगी क्योंकि मेरे साथी को घर पर रहना पसंद है...। लेकिन अब मैं ऐसा नहीं करूंगी। अब मैं चाहूंगी कि मेरा पार्टनर मुझे वैसा ही स्वीकार करे जैसी मैं हूं। मैं अपने पार्टनर को वैसा ही स्वीकार करूंगी जैसा कि वह है। रोमांस पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा, रोमांस के बारे में मेरी सोच यह है कि वह (मेरा साथी) जो मेरी बात सुनता है..., छोटी-छोटी बातों को याद रखता है और मेरी बात सुनता है। मैं हर समय समाधान नहीं चाहती। मैं चाहती हूं कि मेरा पार्टनर मेरी बात सुने। अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर को लेकर अफवाहों का बाजार काफी गर्म रहा है। अनन्या और आदित्य के रिश्ते में होने की चर्चा सोशल मीडिया पर तब शुरू हुई जब दोनों को कृति सेनन के यहां आयोजित दीपावली पार्टी में एक साथ देखा गया था। इसके बाद दोनों अक्सर साथ में नजर आते थे। यही नहीं, दोनों के रिश्ते को लेकर फिल्म निर्माता करण जौहर ने अपने टॉक शो 'कॉफी विद करण' में संकेत भी दिया था। इस शो में अनन्या के साथ सारा अली खान भी थीं। करण जौहर ने अपने टॉक शो में सारा अली से पूछा था कि अनन्या में ऐसी कौन सी चीज है जो उनके पास नहीं है। इस पर अभिनेत्री ने कहा, नाइट मैनेजर। यह इसी नाम से आदित्य रॉय कपूर स्टारर शो की ओर इशारा था। इस बात अनन्या ने शरमाते हुए कहा था, मैं बिल्कुल अनन्या कोय कपूर जैसा महसूस कर रही हूं।

## अवनीत कौर ने साड़ी पहन फैंस के बीच शेयर किया देसी लुक



टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर अपनी एक्टिंग से ज्यादा बोल्ड फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी हॉट तस्वीरें शेयर की हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। अवनीत कौर की इन लेटेस्ट फोटोशूट में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने येलो और व्हाइट कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं अवनीत कौर कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में बलखाती हुई कमर के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कानों में बड़े इयररिंग्स, लाइट मेकअप और डार्क शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

### 20 प्रतिशत भी वसूलना हुआ मुश्किल

## कंगुवा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 13: 350 करोड़ के बजट में बनी सूर्या-दिशा पटानी की फैंटेसी फिल्म



कंगुवा इस साल की सबसे चर्चित तमिल फिल्मों में से एक रही है. शानदार स्टार कास्ट के अलावा, फिल्म अपने शानदार वीएफएक्स के लिए भी चर्चा में है. इस पीरियड फिल्म को पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रतिक्रिया मिली, हालांकि, उसके बाद इसमें गिरावट देखी जाने लगी. सप्ताह के दिनों में कई गिरावटों के बावजूद फिल्म के कलेक्शन में बढ़ोतरी दर्ज की गई है. एक नजर डालते हैं कि इसने दूसरे मंगलवार तक कितनी कमाई की है.

कंगुवा 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. सैकनिल्क के के अनुसार, पहले दिन फिल्म ने शानदार कमाई की. ओपनिंग डे पर 24 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली फिल्म अब लाखों मे कमाई कर रही है. पहले वीकेंड तक सूर्या स्टारर ने 53.6 करोड़ रु. का बिजनेस किया था. जबकि एक हफ्ते में 64.3 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही है.

दूसरे वीकेंड में 3.2 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिसमें दूसरे शुक्रवार को 70 लाख, दूसरे शनिवार को 1.15 करोड़ रुपये और दूसरे रविवार को 1.35 करोड़ रुपये कमाए. रिपोर्ट के मुताबिक, रिलीज के 12वें दिन सिवा की निर्देशित में फिर से गिरावट देखी गई. कंगुवा ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 47 लाख रुपये कमाए है.

अब बात करें कंगुवा के 13वें दिन के कलेक्शन की तो फिल्म ने दूसरे सोमवार के बराबर कमाई की है. 13वें दिन भी फिल्म ने 47 लाख रुपये कमाए हैं. इसमें तमिल ने 21 लाख रुपये, हिंदी ने 13 लाख रुपये और तेलुगू ने 13 लाख रुपये का कलेक्शन किया है. इस तरह फिल्म ने 13 दिनों में 68.44 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. इस पीरियड ड्रामा में सूर्या के साथ बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल, दिशा पटानी और योगी बाबू जैसे कलाकार हैं. सिवा की निर्देशित इस फिल्म को यूवी क्रिएशन्स और स्टूडियो ग्रीन ने मिलकर बनाया है. फिल्म में सूर्या के भाई कार्थी भी एक खास भूमिका में हैं.

## फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष जारी

विक्रांत मैसी, रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 12 दिन बीत चुके हैं और पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई कर रही है।पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट लगातार जारी है और अब इसका कारोबार लाखों में सिमट गया है।आइए जानते हैं कि 12वें दिन द साबरमती रिपोर्ट की कितनी कमाई हुई।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, द साबरमती रिपोर्ट ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 90 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 20.40 करोड़ रुपये हो गया है।द साबरमती रिपोर्ट का निर्देशन रंजन चंदेल ने किया है, वहीं एकता कपूर इस फिल्म की निर्माता हैं।फिल्म की कहानी 2002 की गोधरा ट्रेन जलने की घटना पर आधारित है। फिल्म में विक्रांत की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है।



## शब्द सामर्थ्य - 250

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 249 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ड़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| बा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | ब | न | ■ | गु | रु | वा | र |



## ईयरफोन या हेडफोन्स, किससे होता है ज्यादा नुकसान? वक्त रहते बचाएं अपने कान

वक्त के साथ-साथ इंसान के लाइफस्टाइल में ढेरों बदलाव आएं हैं. बढते के टेक्नोलॉजी ने काम को आसान बना दिया है, लेकिन इसके कई नुकसान भी देखने को मिले हैं. आजकल ट्रैवलिंग में या कोई काम कर रहे हो तो गाना सुनने की अलग ही दीवानगी देखने को मिलती है. युवा घंटो-घंटो कान में इसे लगाकर रखते हैं.हेडफोन्स या ईयरफोन का ज्यादा समय तक इस्तेमाल करने से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं.

### सुनने पर हो सकता है असर

हेडफोन्स या ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल आपके सुनने की क्षमता पर असर डालता है. जबकि हेडफोन कान से चिपके होते हैं इसमें से कोई भी हिस्सा काम अंदर नहीं पहुचंता है. इसका परिणाम यह है कि इसका नेगेटिव असर सुनने पर होता है.रिपोर्ट के मुताबिक, ईयरफोन का ईयरपीस कान के अंदर डालने से गंदगी कान के अंदर और गहरे जा सकती है, जिससे सुनने में रुकावट आती है.

### कम करें इस्तेमाल

अगर कोई इंसान इसका कभी-कमार इस्तेमाल करता है तब तो ठीक है. लेकिन अगर कोई लंबे समय तक मीटिंग्स, म्यूजिक सुनने या फिल्म देखने के लिए ज्यादा इयरफोन का इस्तेमाल करता है. तो उसे इस्तेमाल कम कर देना चाहिए. लगातार और लंबे समय तक ईयरफोन का इस्तेमाल जब आप हाय वॉल्यूम पर सुनते हैं तो ऐसे में सुनाई देने की क्षमता को घटा सकती है. कभी-कभी कान में दर्द होने लगते हैं. डॉक्टर भी फोन को कान में ज्यादा देर तक लगाकर बात करने से मना करते हैं. ऐसे में अपनी सेहत का ख्याल रखते हुए उन्हें काफी चीजों का ध्यान रखना होगा.

## भारत में 300 करोड़ी क्लब पर रूह बाबा की नजर, लगातार पिछड़ रहा बाजीराव सिंघम



बीतते दिन के साथ भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन के बीच की टक्कर दिलचस्प होती जा रही है. अजय देवगन और कार्तिक आर्यन की पहली बार बॉक्स ऑफिस पर टक्कर होना निस्संदेह चर्चा का सबसे चर्चित विषय है. 1 नवंबर 2024 को रिलीज हुई दोनों फिल्में दिवाली पर ब्लॉकबस्टर साबित हुईं. भूल भुलैया 3 ने दुनियाभर में 400 का आंकड़ा पार कर ली है. इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रूह बाबा का क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है. आइए एक नजर डालते हैं इनके 26वें दिन के बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट पर...अनीस बज्मी की निर्देशित भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन 2 साल बाद रूह बाबा के रूप में नजर आए हैं. भूल भुलैया 3 इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है. विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी जैसे कलाकारों से सजी इस हॉरर-कॉमेडी थ्रीक्वल ने पहले हफ्ते में लगभग 168 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस किया. जबकि दूसरे और तीसरे हफ्ते में क्रमश: 66.01 करोड़ रुपये और 23.98 करोड़ रुपये कमाए.सैकनिक के अनुसार, भूल भुलैया 3 ने चौथे सोमवार को सबसे कम कमाई की है. वहीं, 26वें दिन कार्तिक स्टारर ने 25वें दिन की अपेक्षा थोड़ी ज्यादा कमाई की है. चौथे मंगलवार को भुल भुलैया 3 ने 1.10 करोड़ रुपये कमाए. इस तरह 26 दिनों का कुल नेट कलेक्शन 269.05 करोड़ रुपये हो गए हैं.भूल भुलैया 3 ने 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. बीते सोमवार को कार्तिक आर्यन ने फिल्म के बारे में अपडेट दिया और बताया कि उनकी फिल्म ने 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर ली हैं. दुनियाभर में भुल भुलैया 3 ने 408.52 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है.रोहित शेट्टी की निर्देशित कॉप यूनिवर्स सिंघम अगेन ने काफी चर्चा के बाद पहले सप्ताह में 186.60 करोड़ रुपये की कमाई की. इस कॉप एक्शन फिल्म ने दूसरे सप्ताह में 54.61 करोड़ रुपये और तीसरे सप्ताह में लगभग 18.44 करोड़ रुपये की कमाई की. जबकि चौथे वीकेंड पर सिंघम अगेन ने लगभग 4.15 करोड़ रुपये कमाए हैं.चौथे सप्ताह के कलेक्शन देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा सकता है. यह फिल्म अब दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने के लिए संघर्ष कर रही है. चौथे मंगलवार को अजय देवगन स्टारर ने मात्र 60 लाख रुपये कमाए हैं. इस तरह 26 दिनों में सिंघम अगेन का टोटल ग्रॉस कलेक्शन 264.98 करोड़ रुपये हो गया है.

## बॉक्स ऑफिस पर आई वॉन्ट टू टॉक और नाम का खेल खत्म, जानिए पांचवें दिन का कारोबार



अभिषेक बच्चन की आई वॉन्ट टू टॉक और अजय देवगन की नाम जैसी 2 फिल्में एक साथ बीते 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुईं।इन दोनों ही फिल्मों को लेकर दर्शक उत्साहित थे, लेकिन इनके पर्दे पर आते ही पूरा माहौल ठंडा हो गया।एक तरफ आई वॉन्ट टू टॉक की कमाई ने लोगों को बुरी तरह निराश किया है, वहीं नाम ने भी कमाल नहीं किया।आइए जानें पांचवें दिन दोनों फिल्मों का हाल। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, आई वॉन्ट टू टॉक ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन 18 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1.68 करोड़ रुपये हो गया है।आई वॉन्ट टू टॉक का बजट 40 करोड़ रुपये बताया जा रहा है और यह अपनी लागत का आधा पैसा भी नहीं कमा सकी है।इस फिल्म के निर्देशक शूजीत सरकार हैं, जिन्हें अक्टूबर और सरदार उधम जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। सिंघम अगेन के अलावा अजय की फिल्म नाम भी सिनेमाघरों में लगी हुई है। हालांकि, पहले दिन से ही इस फिल्म की दैनिक कमाई लाखों में सिमटी हुई है।

## फसल रकबा में संशोधन हेतु किसान करा सकेंगे 2 दिसंबर तक पंजीयन

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2024 के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन एवं पंजीकृत फसल/रकबे में संशोधन के लिए 2 दिसंबर 2024 तक का समय बढ़ा दिया गया है। पहले यह प्रक्रिया 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक निर्धारित थी, जिसे 25 नवंबर तक बढ़ाया गया था। अब किसानों को पंजीयन और संशोधन के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है। वनाधिकार पट्टा धारक, वनग्राम एवं असर्वेक्षित ग्राम के किसान। संस्थागत, रेगहा, बटाईदार, लीज पर खेती करने वाले। डुबान क्षेत्र के कृषक। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देश दिया है कि वे अपने लॉगिन का उपयोग कर इस प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करें। साथ ही, अधीनस्थ कर्मचारियों को किसानों की मदद के लिए तैयार रहने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर ने जिले के सभी किसान तय समय-सीमा के भीतर अपना पंजीयन और संशोधन अवश्य कराएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न हो। यह पंजीयन प्रक्रिया किसानों को उनकी फसल और रकबे की सही जानकारी दर्ज कराने में मदद करेगी। इसके माध्यम से उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सकेगा।

# धान खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाओं का रखें विशेष ध्यान: कलेक्टर

### बच्चों और छात्रों के लिए प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को करें तेज




**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और नोडल अधिकारी हर शनिवार को व्यवस्थाओं का ऑनलाइन अपडेट दें।

कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदारों को धान खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने और अवैध धान परिवहन, भंडारण पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही, किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि जन्म के साथ ही जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में छात्रों के प्रमाण पत्र बनाने और अपार (ऑटोमेटेड परमानेंट उकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) आईडी कार्ड बनाने का कार्य शीघ्र पूरा करने के आदेश दिए। कलेक्टर ने कहा कि लंबे समय से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी और इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। अंत्यावसायी विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने तहसीलदारों को निर्देशित किया कि जो हितग्राही समय पर ऋण राशि जमा नहीं कर रहे हैं, उनसे शीघ्र वसूली की जाए। कलेक्टर ने पशु चिकित्सा विभाग को निर्देश दिया कि सड़कों और चौराहों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करें और उनके लिए चारे-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि नामांतरण, बंटवारा और फौती जैसे प्रकरणों का निपटारा शीघ्र करें।

उन्होंने जनदर्शन, पीजी पोर्टल और जिला स्तरीय शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन अभियान को नियमित करने और नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को गति देने का निर्देश भी बैठक में दिया गया। इस बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी,अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संविधान रक्षक अभियान का क्रियान्वयन करने बैकुंठपुर में नागरिकों ने निकाली जागरूकता रैली



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान रक्षक अभियान के तहत गुरुवार को एक दिवसीय रैली का आयोजन किया गया। यह रैली राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर गांधी पार्क तक निकाली गई। कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने संविधान के महत्व और उसमें निहित लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर जनता को जागरूक किया द्य रैली की शुरुआत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता की नेतृत्व,में हुई। इसमें प्रमुख वक्ताओं ने भारतीय संविधान की महत्ता और वर्तमान में लोकतांत्रिक मूल्यों पर हो रहे हमलों के प्रति चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की विविधता और लोकतंत्र का आधार है। इसके संरक्षण और पालन के लिए हर नागरिक को जागरूक होना चाहिए। रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मेरी जान, मेरा संविधान का नारा देते हुए लोगों को संविधान की रक्षा का संदेश दिया। गांधी पार्क में रैली के समापन के बाद एक सभा का आयोजन हुआ,जहां वक्ताओं ने सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। यह रैली संविधान की रक्षा और उसके मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस के 60 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रही। इस अवसर पर उपस्थित- जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,पूर्व विधायक अम्बिका सिंह देव,पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर,पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला,प्रदेश संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी,वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद,शारदा दुबे,महामंत्री बृजवासी तिवारी,ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, बिहारी राजवाड़े,गणेश राजवाड़े,चंद्र प्रकाश राजवाड़े,अजीत लकड़ा, भूपेंद्र यादव,आशीष यादव,रामकृष्ण साहू,रवि राजवाड़े,संगीता राजवाड़े, लक्ष्मी सिंह,राहुल जायसवाल,धीरज सिंह,आशीष डबरे,वीरेंद सोनी, अमित पांडे,रियाजउद्दीन,साहब अख्तर,राजीव गुप्ता,दीपक गुप्ता,सौरभ गुप्ता,मनीष सिंह,सुमन दुबे, संतोष गोयन,विजय चक्रधारी, संदीप जायसवाल,अग्रेश पैकरा,एवं भारी संख्या में अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# सबकी भागीदारी से लिंग आधारित हिंसा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियां समाप्त होगी

### जिले में लिंग आधारित हिंसा और बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान



**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में, लिंग आधारित हिंसा समाप्ति और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुआ।

इस अभियान का उद्देश्य बाल विवाह, घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पोक्सो एक्ट और लिंगानुपात से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर ने एक महत्वपूर्ण संदेश में कहा कि इस तरह कार्यक्रम से हम सबको संकल्प भी लेना होगा कि जिले में लिंग आधारित हिंसा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। महिला अधिकारों और बच्चों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के अभियान बेहद आवश्यक है। इस तरह के कार्यक्रम लिंग समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को आओ बनाएं बाल विवाह मुक्त कोरिया की शपथ दिलाई गई। साथ ही, 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चल रहे 16 दिवसीय जागरूकता अभियान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी और संरक्षण अधिकारी ने विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बाल विवाह रोकने और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के उपायों पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक असरफ अंसारी, जिला प्रबंधक (प्रशिक्षण एवं एचआर) राकेश सिंह, डिप्टी एमआई सरोजिनी राय और बैकुंठपुर, पटना, सोनहत, पोड़ी ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## परशुरामपुर गाँव में मिट्टी परीक्षण की हुई पहल

**सूरजपुर।** परशुरामपुर गांव में आत्मनिर्भर महिला स्व-सहायता समूह अटल एसएचजी के सहयोग से मिट्टी परीक्षण की एक नई पहल की शुरुआत हुई है। इस समूह में 15 सदस्य हैं, जिनकी अध्यक्षता आशा सिंह कर रही हैं। ओएनजीसी की सीएसआर पहल के तहत, आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन ने मिट्टी परीक्षण किट उपलब्ध कराया है, जो इस क्षेत्र के किसानों को अपनी मिट्टी की गुणवत्ता को समझने और उचित कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद करेगी। मिट्टी परीक्षण से पता चला कि परशुरामपुर की मिट्टी का पीएच स्तर अत्यधिक अम्लीय है, जिससे संतुलित करने के लिए प्रति एकड़ 120 किलोग्राम चूना (लाइम) की आवश्यकता है। इसके अलावा, मिट्टी में प्रमुख पोषक तत्वों जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटेशियम (एनपीके) की कमी पाई गई है। इसके लिए अनुशंसित उर्वरक मात्रा से 25 प्रतिशत अधिक उर्वरक डालने की सिफारिश की गई है, ताकि इन पोषक तत्वों की कमी को दूर किया जा सके। मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की भी कमी है, जिसे संतुलित करने के लिए बड़ी मात्रा में जैविक खाद्य का उपयोग करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही जिंक, बोरॉन, आयरन, और कॉपर जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी भी पाई गई है, जिनकी भरपाई के लिए उचित मात्रा में सूक्ष्म पोषक तत्वों को मिट्टी में मिलाने की आवश्यकता होगी। संस्था के समन्वयक जितेश मौर्य गाँव के किसानों को भी खेती के पहले मिटटी जांच कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## धमाल संचालक के खिलाफ कोलाहल और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

**सूरजपुर।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी गाइडलाइन और दिशा निर्देशों का पालन नहीं करने वाले डीजे व धमाल संचालकों के खिलाफ कोलाहल और मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्यवाही के निर्देश दिए गये हैं। जिसके परिपालन में जिला प्रशासन कोलाहल उल्लंघन करने वालो पर सतत निगरानी रखी जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप बीते बुधवार एक धमाल वाहन की जब्ती की गई, जिसकी बुकिंग शादी समारोह के लिए की गई थी। नगर में धमाल वहान द्वारा बिना अनुमती के तीव्र ध्वनि पर स्पीकर बॉक्स का संचालन किया जा रहा था, साथ ही मानक नियम और कानूनों का उल्लंघन भी किया जा रहा था। मामला प्रकाष में आने पर सूरजपुर के राजस्व अमले द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की गई। संचालक के खिलाफ कोलाहल और मोटर व्हीकल एक्ट अधिनियम के तहत केस भी दर्ज किया गया है। संचालक एवं आयोजक द्वारा यातायात को बाधित करते हुए मुख्य मार्ग में बारात निकालकर यातायात को बाधित किया जा रहा था, जिसके कारण आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही डीजे व धमाल से निकलने वाले तीव्र ध्वनि के कारण आम नागरिक एवं आसपास के रहवासियों में भी भारी आक्रोश व्याप्त किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप कोतवाली थाना द्वारा संचालक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

## कोरिया एमसीबी में सहकारी समिति अध्यक्षों की नियुक्ति में पूर्व विधायक ने उठाया सवाल

### कहा आदिवासियों के अधिकारों का हो रहा हनन



**कोरिया।** कोरिया एवं एम सी बी जिले के विकासखंडों में आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में अध्यक्षो की नियुक्ति पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने सवाल उठाया है, साथ ही इसे आदिवासियों के अधिकारों का हनन भी बताया है, पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद आदिवासी हैं और सरगुजा सम्भाग से ही आते हैं बाउजूद उन्हें आदिवासियों के हित की तनिक भी चिंता नही है, प्रदेश सरकार आदिवासियों के हितों की रक्षा करने की बजाय उनका शोषण कर रही है जिसका जीता जागता उदाहरण कोरिया एम सी बी में सहकारी समितियों में अध्यक्षो की नियुक्ति का मामला है।

पूर्व विधायक ने कहा कि सरगुजा सम्भाग में 5वी अनुसूची लागू है लेकिन संवैधानिक प्रावधानों को दरकिनार कर आदिवासियों के जगह गैर आदिवासियों की जगह गैर आदिवासियों की नियुक्ति धडल्ले से की जा रही है, साथ ही पुर्व विधायक ने कहा कि सहकारी समितियों में अध्यक्षो की नियुक्ति स्थानीय विधायक की अनुशंसा से होती है, वर्तमान विधायक खुद काल्पनिक सी एम दीदी है जो कि खुद भी आदिवासी हैं लेकिन उनके द्वारा आदिवासियों के हितों का ख्याल नही रखा गया जो कि सरासर गलत है। पूर्व की कांग्रेस सरकार में कोरिया व एम सी बी में सहकारी समिति के सभी अध्यक्ष आदिवासी थे, साथ ही सभी अध्यक्ष अपने समिति के पंजीकृत किसान भी थे, लेकिन वर्तमान में हुई नियुक्तियों में कई अध्यक्ष ऐसे भी है जो सम्बंधित सोसायटी के सदस्य एवं पंजीकृत किसान तक नही है ऐसे में किस आधार पर नियुक्ति हुई यह जांच का विषय एवं बड़ा मामला है। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने पूरे मामले पर सरकार को घेरते हुए इस निर्णय पर आपत्ति जताई है साथ ही सरकार को आदिवासी विरोधी बताते हुए आंदोलन किये जाने की करते हुए कहा कि आदिवासीयो के अधिकारों का किसी भी सूरत में हनन नही होने दिया जाएगा, सहकारी समिति अध्यक्षो की नियुक्ति के मामले को लेकर बड़ा आंदोलन किये जाने की बात कहा ह।

**भाजपा मंडल अध्यक्षो को मिली है जिम्मेदारी**

मिली जानकारी अनुसार कोरिया व एम सी बी में अधिकांश समितियों में भाजपा के गैर आदिवासी मंडल अध्यक्षो को बतौर सहकारी समिति अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की गई है।

## जिला स्तरीय दिव्यांग शिविर का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** जनपद पंचायत प्रतापपुर मंगल भवन में कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में संबल जिला स्तरीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगों को प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ-साथ उन्हें उपकरण उपलब्ध कराने के लिए उनका चिह्नीकरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से दिव्यांगजनों के विशिष्ट पहचान पत्र यूडीआईडी के प्रमाणीकरण हेतु जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सक दल की टीम भी वहां उपस्थित थी। शिविर में कुल पंजीयन 289, मेडिकल प्रमाण पत्र 54, आधार कार्ड अपडेट 9, नकपक 49, शेष वेरा टेस्ट, सिकल सेल और स्पीच थेरेपी वाले है। आज 7 व्हील चेयर, 4 एमार किट, 1 श्रवण यंत्र और 1 दृष्टिबाधित उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन, प्रतापपुर एसडीएम श्रीमती ललिता भगत, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती बेनेदिक्ता तिर्की, जनपद पंचायत सीईओ राधे श्याम मिर्जा जनपद स्तर के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** केंद्र सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवनगर में बाल विवाह और बाल संरक्षण के विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बाल विवाह की हानियों और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिसेफ से राज्य बाल संरक्षण विशेषज्ञ श्रीमती चेतना देसाई और राज्य सलाहकार अभिषेक त्रिपाठी थे। इनके मार्गदर्शन में बाल संरक्षण, शिक्षा, और बाल विवाह रोकथाम के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। यूनिसेफ़ से राज्य बाल संरक्षण विशेषज्ञ श्रीमती चेतना देसाई ने छात्रों को नारी शक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि एक नारी देश की राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री बन सकती है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि नारी सक्षम और समर्थ है। उन्होंने सावित्री बाई फुले के उदाहरण से बच्चों को प्रेरित करते हुए बताया कि शिक्षा के लिए संघर्ष करना कितना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई न केवल बच्चों के जीवन को सशक्त बनाती है, बल्कि बाल विवाह और बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराइयों से बचने का मार्ग भी प्रदान करती है। देसाई जी ने शाला त्यागी बच्चों को पुन: शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

## बाल विवाह रोकथाम: दुर्गापुर सरपंच के प्रयास ने दिलाई राष्ट्रीय पहचान

**सूरजपुर।** ग्राम पंचायत दुर्गापुर, जनपद प्रेमनगर के सरपंच लाल सिंह श्याम ने अपने नवाचार और समाज सुधार के प्रयासों से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उनके नेतृत्व में ग्राम पंचायत दुर्गापुर को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का अनूठा प्रयास किया गया, जिसकी गूंज अब पूरे देश में सुनाई दे रही है। 27 नवंबर 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने राष्ट्रीय अभियान बाल विवाह मुक्त भारत का शुभारंभ किया। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में देशभर से बाल विवाह रोकथाम के लिए किए गए नवाचारों की कहानियां साझा की गईं। छत्तीसगढ़ राज्य से सूरजपुर जिले के दुर्गापुर पंचायत के सरपंच लाल सिंह श्याम के नवाचार को इस कार्यक्रम में विशेष रूप से चयनित किया गया। पूरे देश में मात्र एक जनप्रतिनिधि को अपना अनुभव शेयर करने का मौका मिला जो एक गर्व का विषय है। लाल सिंह श्याम ने अपने पंचायत में बाल विवाह को रोकने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने गाँव के प्रमुख लोगों के साथ नियमित बैठक आयोजित कर विवाह योग्य बालक-बालिकाओं का पंजीयन सुनिश्चित किया। विवाह के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जाँच की गई और यदि किसी बालक की उम्र 21 वर्ष से कम या बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम पाई जाती थी, तो उनके परिवारों को समझाकर बाल विवाह रोकने का प्रयास किया गया।

# विशेष ग्रामसभा का आयोजन 1 दिसंबर तक

**कोरिया।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बैकुंठपुर विकासखण्ड के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों में 1 दिसंबर 2024 तक विशेष ग्रामसभा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। यह सभा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 ख (3) के तहत संचालित होगी।

कलेक्टर ने निर्देश दिया है कि ग्राम सचिव द्वारा सरपंच, पंच को अवगत कराएं, पंचायत में इस बाबत सूचना चस्पा करें और ग्रामसभा में गणपूर्ति सुनिश्चित करें और सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हो। ग्रामसभा की सफलता की जिम्मेदारी इन्हीं पदाधिकारियों पर होगी। ग्रामसभा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शाला के प्रधान पाठक, उचित मूल्य दुकान के संचालक, रोजगार सहायक, स्वास्थ्य मितान, पटवारी, विकलांग मितान, सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। ग्रामसभा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पंचायत के विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना है। इसके साथ ही गांव की समस्याओं का समाधान निकालने और शासन की नीतियों को ग्रामीणों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामसभा की कार्यवाही को सुनियोजित और प्रभावी बनाया जाए, ताकि यह ग्रामीण विकास में सार्थक भूमिका निभा सके।

**ग्राम सभा की बैठक में इन एजेण्डों पर होगी चर्चा**- विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, पिछली छ:माही में विभिन्न योतनाओं से स्वीकृत कार्य, अद्यतन स्थिति, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गये रोजगार की स्थिति, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों का सत्यापन, पचायतों द्वारा वितरित खाद्यान्न एवं उसके लाभान्वितों के नामों का वाचन, जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित प्रकरणों के लंबित, निराकृत एवं वितरित प्रमाण पत्रों की जानकारी, मौसमी बीमारियों के निदान एवं निवारण पर चर्चा, पंचायतों के वर्तमाण पदाधिकारियों तथा अधिकारी एवं कर्मचारियों जिनसे पंचायतों के लेखा/हिसाब लेना, राज्य के समस्त सड़कों पर, मवेशियों (आवारा एवं पालतू) के कारण हो रहे दुर्घटनाओं में जान-माल की क्षति को रोकने हेतु, उस ग्राम पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाली समस्त सड़कों के संबंध में सभी संभव उपायों एवं प्रभावी व्यवस्था की चर्चा करना, आमजनों में जागरूकता बढ़ाना एंव अपने मवेशियों को सड़क पर खुले नहीं छोड़ने का संकल्प पारित करना तथा सड़को पर खुला छोड़े जाने पर छत्तीसगढ़ पंचायत अधिनियम 1993 के प्रावधानों के तहत जुर्माना/शास्ति अधिरोपित करना। शौचालन विहीन पात्र परिवारों का चिन्हांकन एवं पसत्र परिवारों की सूची तैयार करना, स्वच्छग्रही समूहों के माध्यम से घर-घर एवं संस्थाओं से कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन पर चर्चा एवं स्वच्छता शपथ, तंबाखु मुक्त दिवस अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर, एनिमिया का रोकथाम, बौद्धिक विकास के संबंध में, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाना, बैकुण्ठपुर व शिवपुर चर्चा निवेश क्षेत्र में सम्मिलित नये ग्राम पंचायत ओड़गी क्षेत्रफल 370.354 हेक्टेयर व सलका क्षेत्रफल 378.050 हेक्टेयर का निवेश क्षेत्र पुनर्गठन हेतु उक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम सभाओं में अनुमोदन आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## महिलाओं का लिंग आधार पर होने वाली हिंसा पर आधारित किया गया नुक्कड़ नाटक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार तथा महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन मे सूरजपुर में 16 नवंबर से 10 दिसंबर तक '' मानव अधिकार दिवस'' पर विश्व भर में 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के रूप में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत आज शा. आत्मानंद स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें बालिकाओं द्वारा महिलाओं का लिंग आधार पर होने वालीं हिंसा पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया गया। बाल विवाह रोकने के संबंध में शपथ दिलाया गया एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर बालिकाओं को लिंग के आधार पर होने वाली हिंसा के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अन्नू कांण्डे समस्त शिक्षक गण महिला एवं बाल विकास विभाग से महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती इन्दा तिवारी, सखी वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक श्रीमती विनिता सिन्हा, महिला आरक्षक श्रीमती अंजनी कश्यप, बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अंजनी साहू एवं विद्यालय के समस्त छात्राएं उपस्थित थी।

# बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम लाने को लेकर कोरिया और एमसीबी में प्राचार्यों की बैठक आयोजित



**कोरिया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सलका में आज कोरिया और एमसीबी जिलों के हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सरगुजा संभाग के संयुक्त संचालक शिक्षा हेमंत उपाध्याय ने की।

इस दौरान बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने और मेरिट सूची में स्थान पाने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई। बैठक में जिला प्रशासन द्वारा तैयार 'उत्थान 2025' कार्ययोजना पर चर्चा हुई। इसके तहत सभी विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग, इकाई मूल्यांकन और पाठ्यक्रम की समीक्षा की जा रही है। साथ ही, 13 दिसंबर 2024 से छमाही परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जाएगी। छात्रों को बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र का ब्लू प्रिंट समझाया जाएगा।10 जनवरी 2025 तक सभी विद्यालयों में पाठ्यक्रम पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। जनवरी में प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी। तीन प्रश्न पत्र तैयार होंगे और छात्रों की कमजोरियों को सुधारने पर फोकस रहेगा। शिक्षकों की कमी वाले विद्यालयों में नव नियुक्त शिक्षकों का सहयोग लिया जाएगा। कम उपस्थिति वाले छात्रों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में 4 दिसंबर 2024 को होने वाली परख परीक्षा की तैयारी पर भी विचार-विमर्श हुआ। यह परीक्षा कक्षा 3, 6 और 9 के छात्रों के लिए होगी, जिसका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना है। संयुक्त संचालक शिक्षा ने कहा कि इन प्रयासों से छात्रों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार होगा और बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित की जा सकेगी। जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, और हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य बैठक में उपस्थित थे।

### कृषि व संबंधित विभागों के कामकाज की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि विभाग व कृषि से जुड़े सभी संबंधित विभागों के कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को लाभान्वित करना और उनकी स्थिति को मजबूत बनाना शासन व प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा दलहन और तिलहन की फसलों को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। किसानों को इसका लाभ सुनिश्चित कर दलहन और तिलहन की खेती के लिए उन्हें प्रेरित करें। कलेक्टर ने किसानों को दलहन-तिलहन एवं सिंचित क्षेत्रों में गेहूं की खेती को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने कहा कि हम सबकी यह कोशिश होनी चाहिए की किसान ऐसी फसलें उत्पादित करें जिसकी बाज़ार में मांग हो, इससे किसानों को फायदा होगा। कलेक्टर ने कृषि एवं समवर्गीय विभाग के मैदानी अमले द्वारा जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बैठक के एजेंण्डा बिन्दुओं तथा विभागीय उपलब्धियों के बारे में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

# गोढ़ी में वनभूमि को हड़पने की मंशा पर हुआ तुषारापात, विभाग ने हटाया अवैध मकान





## जून 2024 में नोटिस के बाद भी उपेक्षा

**कोरबा।** वन विभाग ने अपनी जमीनों की सुरक्षा को लेकर सख्ती तेज की है। कई क्षेत्रों में इस पर काम हो रहा है। गोढ़ी गांव में ऐसे ही एक मामले में फारेस्ट की टीम ने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इससे पहले मामले में संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया।

वन परिक्षेत्र कोरबा के अंतर्गत गोढ़ी गांव में वन विभाग की ओर से यह कार्रवाई की गई। यहां के कम्पार्टमेंट नंबर 1290में एक व्यक्ति के द्वारा अवैध निर्माण किया गया था और उसके दायरे को बढ़ाने के साथ हठधर्मिता अपना रहा था। विभाग की जानकारी में मैदानी अमले से यह बात सामने आई थी। वनमंडल कोरबा की ओर से इस प्रकरण में अवैध निर्माणकर्ता को जून 2024 में नोटिस जारी करने के साथ कहा गया कि वह फौरी तौर पर अवैध निर्माण को वनभूमि से हटाए, वरना हर हाल में एक्शन होगा। अतिक्रमण को इसके लिए समय दिया गया। उसने इसे बेहद सामान्य रूप से लिया और ढिलाई बरती।

आखिरकार इस प्रकरण में डीएफओ अरविंद पीएम के निर्देश पर रेंजर मृत्युंजय शर्मा ने वन प्रबंधन समिति और पुलिस के सहयोग से गोढ़ी गांव में वनभूमि पर किए गए अतिक्रमण व अवैध निर्माण को समाप्त कराया। नियमों के अंतर्गत इस कार्रवाई को संपादित किया गया। रेंजर ने बताया कि पूरी कार्रवाई पारदर्शिता के साथ की गई और इसकी वीडियोग्राफी कराई गई। बताया गया कि वनभूमि और वन संपदा की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता का हिस्सा है और इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति से काम किए जा रहे हैं। मैदानी अमले को आवश्यक निर्देश इस बारे में दिए गए हैं। स्पष्ट किया गया है कि किसी भी क्षेत्र में इस तरह की हरकतें होने पर तत्काल सूचित किया जाए ताकि प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### पोड़ीबहार में मुक्त कराई गई जमीन

इससे पहले कोरबा रेंज के अंतर्गत शहर के पोड़ीबहार क्षेत्र में बांसबाड़ी और सागौन प्लांटेशन के पास किए गए अवैध कब्जे को हटाने को लेकर फारेस्ट की ओर से कार्रवाई की गई और वहां से अपनी जमीन को मुक्त कराया गया। खबर के मुताबिक फारेस्ट के पास कई प्रकार की शक्तियां उपलब्ध हैं और वह ऐसे मामलों में इनका तकनीकी रूप से पूरा उपयोग करता है।

# तीन दिन से बीमार 30 वर्षीय महिला की मौत, पुलिस करेगी जांच

**कोरबा।** सकदुकला गांव में एक 30 वर्षीय आदिवासी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक का शव उसके घर पर ही पाया गया है। वह तीन दिन से बीमार थी। मौत को लेकर इसी प्रकार की जानकारी परिजनों और ग्रामीणों की ओर से सामने आई है। पुलिस ने कहा कि मृतका युवा थी। इसलिए सवाल उठ सकते हैं। उसके शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ जांच की जाएगी।

कोरबा जिले के करतला पुलिस थाना अंतर्गत यह घटना हुई। इसमें स्थानीय निवासी भगवती बाई राठिया पति बंधुराम राठिया 30 वर्ष की मौत हो गई। घर पर उसका शव मिला। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची



पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया,कि मृतका पिछले तीन दिनों से बीमार चल रही थी,जिसके कारण शायद उसकी मौत हुई होगी। लेकिन अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

### फ्लोरा मैक्स से जुड़ी थी मृतका

इस मामले को लेकर बताया जा रहा है कि मृतका भगवती बाई ने करीब 80 महिलाओं को कंपनी से जोड़ा था। इस मामले में करोड़ों का घोटाला सामने आया। इस मामले में कंपनी के दो डायरेक्टर सहित टॉप टेन में शामिल दस महिलाओं की गिरफ्तारी हो चुकी है। अटकलें लगाई जा रही है कि घटनाक्रम के साइड इफेक्ट सामने आ रहे हैं। सकदुकला गांव में महिला की मौत को इससे जोड़ा जा रहा है। लेकिन पुलिस ने कहा कि फिलहाल ऐसी कोई चीज अब तक की पूछताछ में नहीं आई है। परिजनों ने बताया कि महिला कमजोर थी और तीन दिन से बीमार थी। उसकी शारीरिक स्थिति से भी इसका पता चलता है। फिलहाल घटनाक्रम पर मर्ग कायम किया गया है।



**कोरबा।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 24 वें स्थापना दिवस पर प्रदेश अध्यक्ष शरत पांडेय की उपस्थिति में कोरबा जिलाध्यक्ष राजकुमार दुबे के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के अलावा कोरबावासी शामिल हुए।

### भाजपा अजा मोर्चा ने संविधान दिवस मनाया

**कोरबा।** भाजपा अजा मोर्चा के द्वारा 26 नवंबर को घंटाघर चौक में संविधान दिवस मनाया और बाबा साहब अंबेडकर को याद किया । इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष डा. राजीव सिंह व अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरजू अजय ने अपने अपने विचार रखे कार्यक्रम के दौरान सुनीता पाटले, बबलू डहरिया, मीना लहरे, रमा मिरी, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मानिकपुर सड़क निर्माण की मांग

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर से लेकर जी एम आफिसतक की सड़क की दशा अत्यंत खराब हो गयी है। कोयला कामगारों को आने जाने में काफी दिक्कते होती है। गढ्ढे होने केकारण कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। इस मुद्दे को जेसीसी बैठक में उठायागया था। मानिकपुर वेलफेयर कमेटी के सदस्य मिनी लाल साहू, राजेश पिल्ले, उत्तम खुंटे रामलाल साहू ने एसईसीएल प्रबंधन को पत्र लिखकर सड़क निर्माण करने की मांग की है।

### आईआर बैठक 4 को

**कोरबा।** एसईकेएमसी के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने जानकारी दी है कि एसईकेएमसी की आईआर वार्ता मुख्यालय में 4 दिसंबर को आयोजित की जाएगी।

# करतला बस्ती के समीप पहुंचा हाथियों का झुंड, ग्रामीणों में दहशत

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में बड़ी संख्या में हाथियों का दल पहुंच गया है। 49 सदस्यीय इस दल में से 6 हाथी गुरुवार की शाम झुंड से अलग होकर करतला बस्ती के निकट पहुंच गए। हाथियों को देख ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर हाथियों को दूर खदेड़ने की कोशिश की। इसके लिए वे रतजगा करने के लिए भी मजबूर रहे।

बताया जाता है कि हाथियों का झुंड इस बार क्षेत्र में ऐसे समय में पहुंचा है जब खेतों में धान की फसल कट रही है या कई किसानों ने फसल को काटकर खेत में छोड़ दिया है। ऐसे में नुकसानी का खतरा और भी बढ़ गया है। हालांकि वन विभाग मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कह रहा है। जिस पर ग्रामीण हाथियों से



बचाव की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीणों ने रात में पटाखे फोड़कर हाथियों को बस्ती से दूर भगाने का प्रयास किया जिस पर हाथियों ने पीड़िया क्षेत्र का रूख किया और पहले से वहां मौजूद हाथियों के दल में शामिल होकर खेतों में पहुंचकर फसल को भारी नुकसान पहुंचाया, जिसका आंकलन वन अमला कर रहा है। कुदमुरा रेंज के गुरमा में भी 12 हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस दल ने बीती रात खेतों में पहुंचकर 8 ग्रामीणों के धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। एक तरफ हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहा है तो दूसरी ओर कटघोरा वनमंडल में सक्रिय हाथियों का झुंड अब आगे बढ़कर जिले की सरहद पर पहुंच गया है और वहां पिछले कई दिनों से डेरा डाल दिया है। इससे पहले यह झुंड केंदई व पसान रेंज में विचरण कर रहा था। दिन भर हाथियों का दल जंगल में रहता था और शाम होने के बाद खेतों में पहुंचकर फसलों को चौपट कर देता था।

हाथियों के इस उत्पात से ग्रामीण बेहद परेशान थे। हाथियों के अब कोरबा-कोरिया जिले की सीमा पर पहुंचने से क्षेत्र के ग्रामीणों ने कुछ राहत महसूस की है।

### महिला संबंधी मामलों में सुनवाई करेगा आयोग

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के द्वारा आज दोपहर 3:00 बजे स्थानीय स्तर पर कैंप करने के साथ महिला संबंधी प्रकरणों में सुनवाई की जाएगी। आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर किरणमई नायक इस सुनवाई में शामिल हो रही हैं। संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस मौके पर उपस्थित रहने को कहा गया है। इससे पहले कोरबा में आयोग अपने कैंप करने के साथ विभिन्न मामलों का निपटारा कर चुका है। बताया गया कि सरकार की ओर से राज्य महिला आयोग को कई प्रकार की विधाई शक्तियां दी गई है और उनके अंतर्गत मामलों के यथोचित निराकृत करने की कोशिश की जा रही है

# योग सीखने में रुचि ले रहे नागरिक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ द्विज ब्राह्मण समाज के परशुराम भवन ओपन थिएटर रोड में निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है। आज 24 वे दिन यहां पर काफी संख्या में नागरिक पहुंचे जिन्होंने योग से संबंधित विधा के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया। व्याख्याता रामेश्वर पांडे और योगेश्वर प्रसाद तिवारी इस शिविर में प्रशिक्षक की भूमिका में है। शीतकाल में लोगों की जीवन शैली को बेहतर करने और शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के उद्देश्य से रखा गया है। प्रतिदिन सुबह 6:00 से 7:00 तक शिविर का संचालन हो रहा है जिसमें योग, प्राणायाम और आसान को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। बताया गया कि टेलीविजन पर योग से संबंधित विषय वस्तु का प्रसारण जरूर हो रहा है लेकिन प्रत्यक्ष रूप से इसे देखने और क्रिया को करने का अपना अलग अनुभव है। प्रशिक्षक ने बताया शिविर में अब तक अनुभव काफी अच्छा रहा है और लोगों ने इसे काफी गंभीरता से लेने के साथ दूसरों को भी इस बारे में प्रेरणा देने का संकल्प लिया है। शिविर के समापन अवसर पर कार्यक्रम होगा।






### कुसमुंडा डिस्पेंसरी का अवलोकन

कोरबा। कंपनी वेलफेयर कमेटी के सदस्य कुसमुंडा पहुंचकर आदर्श नगर व विकास नगर कालोनी का निरीक्षण किया। इसके साथ-साथ वे विकास नगर स्थित डिस्पेंसरी भी गए। इसके पहले उन्होंने स्थानीय वेलफेयर कमेटी के सदस्यों के साथ चर्चा की। सदस्यों ने बताया कि एरिया की विकास के लिए और तेजी के साथ काम किये जाने की जरूरत है। सोनू पटेल व निर्मल चंद्रा ने भी कई सुझाव दिए। एक दिन पहले कंपनी वेलफेयर कमेटी के सदस्य बांकी चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की। इसके अलावा वे कालोनी भी गए। उनके साथ एरिया कमेटी के सदस्य एस.मूर्ति, राजेश साहू, शैलेंद्र सिंह, जय मुखर्जी सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## झांसे में फसी दो युवतियां हुई दुष्कर्म का शिकार

**कोरबा।** कोरबा की मानिकपुर चौकी पुलिस ने दो पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला पंजीबद्ध किया है। उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित पक्ष के द्वारा चौकी में आकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई की बाहरी प्रांत के दो युवक उनके संपर्क में थे। उनके प्रलोभन में फंसने से उन्हें नुकसान हुआ। संबंधित युवकों ने उनसे अनैतिक संबंध स्थापित किया। मामला संवेदनशील था इसलिए पुलिस ने इस पर प्राथमिकी लॉन्च की। चौकी प्रभारी ने बताया कि दो आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के अंतर्गत दुष्कर्म का प्रकरण कायम किया गया है। पीड़ित पक्ष से घटनाक्रम को लेकर जानकारी हासिल की गई है और इस आधार पर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही उनकी धर पकड़ के लिए टीम संभावित स्थान के लिए रवाना होगी। इससे पहले कोरबा की सीएसईबी चौकी पुलिस ने एक नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में आशीष केवट नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है जो सारंगढ़ जिले की बिलईगढ़ का रहने वाला है।

### हाउस रेंट नहीं दिए जाने का मुद्दा उठा

**कोरबा।** बीकेकेएमएस की आईआर बैठक बिलासपुर मुख्यालय में आयोजित की गई। जिसमें कामगारों को हाउस रेंट नहीं मिलने का मुद्दा उठाया गया। इसके अलावा आवासों के मरम्मतीकरण के साथ-साथ निर्माण कार्यों का भी मुद्दा उठाया गया। इस बैठक में रमेश गुरुद्वान, मदन सिंह, अमिया मिश्रा, हिरेंद्र चंद्रा, अशोक सूर्यवंशी, रंजय सिंह, मुकुल कर्ष आदि शामिल हुए।

# विद्यालयों में पोषणयुक्त जलपान और भोजन ने लाया क्रांतिकारी बदलाव, बहानेबाजी करने की प्रवृत्ति से दूर हो रहे छात्र

**कोरबा।** लगभग तीन महीने पहले 14 अगस्त को कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड सहित कोरबा ब्लॉक के शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में विद्यार्थियों के थाली में गरम नाश्ता परोसने का सिलसिला प्रारंभ किया गया।

पोषणयुक्त जलपान और भोजन ने अपना खास जादू छात्रों पर दिखाया है। अब वे स्कूल से गोल मारने की प्रवृत्ति को खत्म कर रहे हैं। लगभग ढ़ाई माह तक नाश्ता परोसने और इससे हुए सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के सभी विकासखण्डों में इसे प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आखिरकार दीपावली अवकाश के पश्चात स्कूल खुलते ही कोरबा ग्रामीण, पाली, करतला, कटघोरा के शेष स्कूलों में भी नाश्ता देना प्रारंभ कर दिया गया है। शहर से लगभग 100 किलोमीटर दूर पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला करमीपारा में पढ़ाई करने वाली कक्षा पहली की रीना, कक्षा पांचवी की पूर्णिमा, प्राथमिक शाला जूनापारा मोरगा में कक्षा पांचवी की यशोदा, अनेश सहित सभी को अब स्कूल आना और नाश्ता खाना पसंद है। करमीपारा की शिक्षिका सुमित्रा मार्को का कहना है कि विद्यालय में 37 बच्चे दर्ज है और पहले कुछ न कुछ काम बताकर अनेक विद्यार्थी विद्यालय नहीं आते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। पहाड़ी कोरवा बसाहट ग्राम कोरई में रहने वाले बम्लेश्वर और सम्लेश्वर अपने घर से थैला लेकर स्कूल जाते दिखे। इन्होंने बताया कि स्कूल में हर दिन गरम भजिया, पोहा, खीर, पूड़ी, उपमा का नाश्ता मिलता है और इसे खाना भी अच्छा लगता है। इनकी मां निहारोबाई का कहना है कि जब से नाश्ता मिल रहा है, उनके दोनों बेटे सुबह स्कूल जाने के लिए कोई बहाना भी नहीं मारते। बस्ता लेकर सीधा स्कूल जाते हैं। कोरई के विद्यालय में पढ़ाई करने वाली मनीषा, राजकुमारी, लक्ष्मी, समारिन बाई, बुधवार साय, और ग्राम कदमझेरिया में संचालित प्राथमिक शाला की पहाड़ी कोरवा ज्योति, राजेश, जितेश, सुमित्रा सहित अन्य विद्यार्थियों पर भी नाश्ते का प्रभाव पड़ा है। यहां के शिक्षकों का भी कहना है कि नाश्ते दिए जाने से विद्यार्थी स्कूल आने में रूचि दिखा रहे हैं। खास बात यह भी है कि कलेक्टर द्वारा सभी स्कूलों में नाश्ते का मीनू लिखवाने और स्थानीय उपलब्धता तथा विद्यार्थियों के पसंद के अनुरूप नाश्ता परोसने के निर्देश दिए हैं।



### समय सारिणी सुनिश्चित की गई व्यवस्था बनाने

ग्राम जूनापारा मोरगा के विद्यालय में नाश्ता तैयार करने वाली संतोषी स्व-सहायता समूह की महिलाओं का कहना है कि सुबह 9.30 बजे से 10 बजे के बीच नाष्ता परोस दिया जाता है। नाश्ते में खीर, पूड़ी,हलवा, खिचड़ी, पोहा, भजिया दी जाती है। इधर कोरबा विकासखण्ड के अंतर्गत निवास करने वाले पहाड़ी कोरवा बच्चों में भी नाश्ते का प्रभाव पड़ा है। सुबह से ही अपने परिवार के सदस्यों के साथ जंगल की ओर कूच कर जाने वाले बच्चे अपनी थैला लेकर समय से पहले स्कूल की दहलीज पर पहुंच जाते हैं।

### सवा लाख विद्यार्थियों को मिल रहा लाभ

जिला शिक्षा अधिकारी हेमंत उपाध्याय ने बताया कि इस पहल से कोरबा जिले के 1 लाख 20 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। प्रशासन ने इसके लिए जिले में प्रतिवर्ष 8 करोड़ की राशि की स्वीकृति डीएमएफ से दी है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com